आज का विचार

शब्द
भी क्या चीज है
महके तो लगाव
और
बहके तो घाव

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-24 अंक-108 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा



जीरो शॉर्टेज वाली समितियों को नहीं मिलेगा अब 5 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस

रायपुर, शुक्रवार 20 जून , 2025

भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले अचानक इंग्लैंड पहुंचे सूर्यकुमार यादव

## पहला कॉलम

### दिल्ली-लेह जा रही इंडिगो और हैदराबाद-तिरुपति जा रही स्पाइसजेट के विमान में तकनीकी खराबी, वापस लौटे

**नईदिल्ली,19 जून (ए)।** एयर इंडिया के बाद इंडिगो और स्पाइसजेट के विमानों में भी तकनीकी खराबी की बात सामने आई है, जिसके कारण उड़ानों को गंतव्य स्थल पहुंचने से पहले वापस लौटाया गया। दिल्ली से लेह जाने वाली इंडिगो की 6ई2006 उड़ान को लेह पहुंचने से कुछ समय पहले तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। विमान में 180 यात्री सवार थे, जो सुरक्षित हैं। हैदराबाद से तिरुपति जाने के लिए स्पाइसजेट एसजी2696 विमान को गुरुवार सुबह 6:10 पर उड़ान भरनी थी, लेकिन वह 6:19 बजे रवाना हो सकी। विमान को 7:40 बजे तिरुपति हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान वापस हैदराबाद लौट आया। विमान में तकनीकी खराबी बताई गई है। यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया है। यात्रियों को पैसे वापसी और अन्य विकल्प दिया गया है। बीते दिनों एयर इंडिया की 7 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को तकनीकी खराबी के कारण या तो बीच उड़ान से वापस बुला लिया गया या फिर रद्द कर दिया गया। बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया का एआई-171 विमान उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद बीजे मेडिकल कॉलेज से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 274 लोगों की मौत हुई है।

## कुछ अलग

### ईरान से सुरक्षित निकाले गए 110 मेडिकल छात्रों को दिल्ली लेकर पहुंचा विमान


**नईदिल्ली,19 जून (ए)।** इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग के दौरान तेहरान में फंसे 110 भारतीय छात्र गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्हें विशेष विमान से दिल्ली लाया गया है। छात्रों को भारतीय दूतावास और ईरान सरकार की मदद से पहले तेहरान से सड़क मार्ग द्वारा आर्मेनिया लाया गया और फिर यहां से विमान में बैठाया गया। 110 छात्रों में जम्मू-कश्मीर के 90 छात्र शामिल हैं। अपने बच्चों से मिलकर परिवार के लोग अब संतुष्ट दिख रहे हैं। ईरान में अभी 4,000 से अधिक भारतीय नागरिक फंसे हैं, जिनमें से आधे मेडिकल और अन्य पेशेवर विषयों की पढ़ाई करने वहां गए थे। भारत सरकार फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार ईरान सरकार के संपर्क में है। ईरान में भारतीय दूतावास ने भी 2 बार लोगों को परामर्श जारी किया है। ईरान के हवाई क्षेत्र बंद है, ऐसे में नई दिल्ली के अनुरोध के बाद अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान से बाहर निकालने की सलाह दी गई है। दिल्ली पहुंची मरियम रोज ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनके लिए सब तैयार रखा था, उन्हें ज्यादा समस्या नहीं हुई।

## खरी-खरी




# अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं

### ◆ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले



**नईदिल्ली,19 जून (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत में ऐसा समय जल्द आएगा जब यहां अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी।

शाह ने यह बात दिल्ली में पूर्व सिविल सेवक आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की किताब मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं किताब के विमोचन पर कहा।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजी से अलग समाज का निर्माण दूर नहीं है, लेकिन लड़ाई बहुत कठिन है।

शाह ने कहा, हिंदी को लेकर कोई संकट नहीं है। हम सब के जीवन में इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं। चीजों को वो कर पाते हैं, जो ठान लेते हैं। मैं मानता हूं कि हमारे देश की भाषाएं, हमारी संस्कृति का गहना है। हमारी भाषाओं के बगैर हम भारतीय ही नहीं रहते हैं। हमारा देश, इसका इतिहास, इसकी संस्कृति, हमारा धर्म, इसको विदेशी भाषा में नहीं समझा सकता। शाह ने आगे कहा, आधी-अधूरी विदेशी भाषाओं से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं हो सकती। वो केवल, भारतीयता और भारतीय भाषा से हो सकती है। मुझे पूरा बोध है कि लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन विश्वास है कि लड़ाई भारत का समाज जीतेगा और फिर से आत्म गौरव के साथ हमारी भाषाओं में हम अपना देश चलाएंगे, सोच और शोध भी करेंगे, नतीजे भी करेंगे और विश्व का नेतृत्व भी करेंगे। इसमें कोई संशय नहीं।

शाह ने भाषाओं के महत्व को लेकर यह बात ऐसे समय पर की है, जब दक्षिण भारत समेत महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध हो रहा है और स्थानीय भाषा के साथ अंग्रेजी को दूसरी भाषा बनाने पर जोर है।

तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो शिक्षा मंत्रालय पर हिंदी भाषा थोपने का आरोप लगाया है और शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया था।

महाराष्ट्र में भी हिंदी को अनिवार्य भाषा बनाए जाने पर सरकार निशाने पर आ गई है।

## सोनिया गांधी की तबीयत में हो रहा सुधार, डॉक्टरों ने शुरू किया स्पेशल डायट प्लान




**नई दिल्ली,19 जून (ए)।** सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है. डॉक्टरों की देखरेख में उनकी हालत में सुधार हो रहा है. उनकी निरंतर देखभाल के हिस्से के रूप में गुरुवार से स्पेशल डाइट प्लान शुरू किया गया है. साथ ही उनके स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. हालांकि उनकी छुट्टी की तारीख अभी तय नहीं की गई है. उनके ठीक होने की प्रगति के आधार पर इसे तय किया जाएगा. डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि डॉ. एस. नंदी और डॉ. अमिताभ यादव सहित अन्य डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. इससे पहले रविवार रात को अचानक तबीयत बिगड ? पर सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया गया था. मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें पेट संबंधी समस्या है. इसके बाद गैस्ट्रोइंटेरोलाजी सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. समीरन नंदी की देखरेख में उनका इलाज शुरू किया गया था. बता दें कि, 78 वर्षीय सोनिया गांधी को उम्र की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने के चलते पहले भी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती किया जाता रहा है. इसी साल 20 फरवरी में भी उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्हें आखिरी बार संसद में 13 फरवरी को देखा गया था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी. वह लंबे समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रही हैं.

## केवाईसी नहीं कराने वालों के गैस कनेक्शन होंगे ब्लॉक, बिना ओटीपी ही मिल रहा था सिलिंडर



**राजनांदगांव।** फर्जी गैस कनेक्शनधारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। गैस कनेक्शनधारियों को ई-केवाईसी कराने छह से अधिक बार मौका दिया गया। लेकिन ५० हजार से अधिक कनेक्शनधारी अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले गैस कनेक्शनधारियों का कनेक्शन ब्लॉक करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सब्सिडी से भी वंचित किया जाएगा।

राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में करीब २४ गैस एजेंसियां हैं, जहां करीब साढ़े पांच लाख उपभोक्ता हैं। अब भी ५० हजार से अधिक गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी से दूर हैं। ई-केवाईसी की सूचना देने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**मोबाइल नंबर अपडेट नहीं, बिना ओटीपी ही मिल रहा गैस सिलिंडर**

पेट्रोलियम कंपनियां फर्जी कनेक्शनों को खत्म करने कवायद में जुट गई है। गैस एजेंसियों में ई-केवाईसी कराने के साथ-साथ मोबाइल नंबर को भी अपडेट किया जा रहा है। लेकिन कई उपभोक्ताओं के मोबाइल में ओटीपी नहीं आ रही है। वहीं कुछ उपभोक्ताओं ने मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कराए हैं। ऐसे में अब उन्हें गैस सिलिंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद मोबाइल में ओटीपी नहीं आ रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है।

**ई-केवाईसी कराने उपभोक्ताओं की जुट रही भीड़**

गैस कनेक्शनधारियों को ई-केवाईसी कराना जरुरी है। कंपनियां निःशुल्क ई-केवाईसी कर रही हैं। केवाईसी होने के बाद कालाबाजारी में काफी कमी आएगी। ओटीपी के बाद ही गैस सिलिंडर दिया जा रहा है। उपभोक्ता मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते हैं। **नरेंद्र डाकलिया, संचालक, इंडेन गैस**

चुनाव के समय भाजपा ने पांच सौ रुपये में गैस सिलिंडर देने की घोषणा की थी। पांच सौ रुपये में सिलिंडर कब से मिलेगा इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। संचालक भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि ई-केवाईसी होने से कालाबाजारी रुकेगी। वहीं उपभोक्ताओं को वर्ष में कितना सिलिंडर मिल रहा है इसकी पूरी जानकारी मिलेगी। लगातार सूचना देने के बाद भी कनेक्शनधारी ई-केवाईसी कराने सामने नहीं आ रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से कमल हासन को राहत, कर्नाटक में फिल्म ठग लाइफ रिलीज की मिली मंजूरी

**नईदिल्ली,19 जून (ए)।** तमिल सिनेमा के जाने-माने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ पिछले काफी समय से चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन कन्नड़-तमिल टिप्पणी विवाद की वजह से इसे कर्नाटक में रिलीज नहीं किया गया। अब हासन को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। दरअसल, ठग लाइफ के कर्नाटक में रिलीज होने का रास्ता साफ हो गया है।

19 जून को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कर्नाटक सरकार से कहा कि अगर फिल्म को लेकर कोई हिंसा होती है तो वह आपराधिक कानूनों के तहत उचित कार्रवाई करें।

अदालत ने कहा, यह सुनिश्चित करना राज्य का काम है कि हिंसा करने वालों पर कार्रवाई करे। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। सिर्फ एक बयान की वजह फिल्म की रिलीज पर रोक लगाना गलत है।

कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया है कि वह अपने नागरिकों को सुरक्षा देंगे।

## 13 हजार करोड़ रुपए की कोकीन बरामदगी मामले में चार्जशीट दाखिल



**नई दिल्ली,19 जून (ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 13 हजार करोड़ रुपए की कोकीन बरामदगी मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया है. दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 19 लोगों को आरोपी बनाया है. स्पेशल सेल ने इस मामले में छापे के दौरान 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि पांच आरोपी फरार हैं. दरअसल, स्पेशल सेल ने एक अक्टूबर 2024 को महिपालपुर में छापा मारकर 562 किलोग्राम कोकीन जब्त की थी और चार लोगों को गिरफ्तार किया. स्पेशल सेल ने इसके बाद 10 अक्टूबर को रमेश नगर में एक दुकान से 208 किलोग्राम कोकीन जब्त की थी. तीसरी जब्ती 13 अक्टूबर को हुई थी, जब स्पेशल के अधिकारियों और गुजरात पुलिस ने गुजरात के अंकलेश्वर में एक फर्म पर छापा मारकर 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की थी. दस हजार पन्नों की चार्जशीट में कहा गया है कि तीन फर्जी कंपनियां बनाकर ड्रग्स के कच्चे माल की सप्लाई की जा रही थी. इसमें गुजरात की फार्मा सॉल्यूशन सर्विसेज कंपनी अवकार ड्रग्स की ईमेल आईडी पाकिस्तान में बनी थी. चार्जशीट के मुताबिक, ये ड्रग्स गुजरात और दिल्ली में तैयार किए जाते थे और कच्चा माल दक्षिण भारत और गुजरात की पांच फार्मा कंपनियों से आता था. चार्जशीट के मुताबिक, इस रैकेट के तार पाकिस्तान, थाईलैंड, दुबई, मलेशिया और ब्रिटेन तक फैली हुई है. इस मामले के मुख्य आरोपी राणा तरनदीप सिंह और वीरेंद्र बसोया फरार है. स्पेशल सेल को संदेह है कि दोनों ने नकली पहचान बनाकर देश छोड़ दिया है. वीरेंद्र बसोया अपने परिवार समेत लंदन में रहता है और वहीं से अपना सिंडिकेट ऑपरेट करता है. चार्जशीट के मुताबिक, आरोपियों में दो प्रकाशन समूह के वारिस और तुषार गोयल है. तुषार गोयल ही इस अंतर्राष्ट्रीय रैकेट का भारत में प्रमुख है. कोर्ट ने जिन आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया है उनमें वीरेंद्र सिंह बसोया, रितिक बजाज, प्रमोद पांडेय, विकास माने और ऋषभ बसोया शामिल है. स्पेशल सेल ने जब तुषार गोयल से पूछताछ की थी तब ब्रिटेन के नागरिक जीतेंद्र पाल सिंह गिल के बारे में पता चला. जीतेंद्र पाल सिंह गिल को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था. गिल को बसोया ने ड्रग्स की खेप के प्रबंधन के लिए भारत भेजा था.

## 55 साल के हुए राहुल गांधी, पीएम मोदी ने भी दी जन्मदिन की बधाई, लेकिन एमके स्टालिन के मैसेज ने जीता दिल

### ◆ १९ जून १९७० को पैदा हुए थे राहुल गांधी
### ◆ सभी दलों के नेताओं ने भेजे बधाई संदेश
### ◆ दिल्ली में मेगा जॉब फेयर का आयोजन




**नई दिल्ली** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का १९ जून को ५५वां जन्मदिन है। राहुल गांधी को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित पक्ष-विपक्ष के तमाम नेताओं ने बधाई दी है। इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का बधाई संदेश चर्चा में हैं। स्टालिन ने राहुल को ब्रदर इन आइडियल्स बताया है। स्टालिन ने एक्स पर लिखा, मेरे आदर्श भाई राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, जो खून से नहीं, बल्कि विचार, दृष्टि और उद्देश्य से बंधे हैं। आप एक उज्जवल भारत की ओर हमारे अभियान में दृढ़ रहें और साहस के साथ नेतृत्व करें। जीत हमारी होगी।

**विभिन्न नेताओं के बधाई संदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी को उनके ५५वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन की बधाई। ईश्वर उन्हें लंबी और स्वस्थ जिंदगी दे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु प्रदान करे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर राहुल गांधी को शुभकामनाएं दीं। गडकरी ने लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सांसद राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर खुशियां लेकर आए और आने वाला साल स्वास्थ्य और समृद्धि से भरा हो। कमल हासन ने भी कांग्रेस नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप एकता, करुणा और साहस के मार्ग पर चलते रहें - उसी शांत संकल्प और दृढ़ता के साथ जो आपको परिभाषित करती है। भाजपा नेता नवीन जिंदल भी ने आने वाले वर्ष को स्वास्थ्य और समृद्धि से भरा होने की कामना की। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने लोगों और नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए कांग्रेस नेता की सराहना की। अशोक गहलोत, सचिन पायलट और शत्रुघ्न सिन्हा सहित कई अन्य नेताओं ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा - राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व सौहार्दपूर्ण, समावेशी, समायोजनकारी समग्र सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता के लिए शुभकामनाएं

**राहुल के बर्थडे पर दिल्ली में जॉब फेयर**

इस बीच, भारतीय युवा कांग्रेस के नेताओं के राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली में नौकरी मेला आयोजित किया है।



पहला कालम

## नशे से दूर रहने विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर थाना प्रभारी जयनगर टीआई नरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नशा मुक्ति पखवाड़ा का आयोजन वीएम नर्सिंग कॉलेज में किया गया। गौरतलब है कि गुरुवार को पुलिस द्वारा यहां पर विद्यार्थियों को नशे से होने वाली समस्याओं व बीमारियों के संबंध में जानकारी देते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया गया। पुलिस ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा समाज की सबसे बड़ी कुरीति है। इससे दूरी बनाकर ही हम एक सफल इंसान बन सकते हैं। पुलिस द्वारा सभ्य समाज के लिए सभी को जागरूक रहकर अपने कर्तव्यों के पालन किए जाने की बात कही गई (साथ ही यहां पर विद्यार्थियों को विधिक जानकारियां भी दी गई। इस दौरान संस्था के संचालक विजयराज अग्रवाल, सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी, प्रधान आरक्षक दीपक दुबे आरक्षक नीरज सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## आवास प्लस 2.0 सर्वे की समय-सीमा अब 26 जून 2025 तक

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस २.० सर्वे की समय-सीमा अब २६ जून २०२५ तक बढ़ा दी गई है। जिन पात्र परिवारों का अब तक सर्वे नहीं हो पाया है, वे इस नई तारीख तक सर्वे कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा ग्राम वासियों से आग्रह किया गया है कि आवास हेतु पात्रता रखने पर सर्वे में नाम जुड़वाएं और योजना का लाभ लें। इसके लिए ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक से सम्पर्क किया जा सकता है।

# जीरो शॉर्टेज वाली समितियों को नहीं मिलेगा अब 5 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
राज्य शासन ने इस बार धान खरीदी के दौरान जीरो शॉर्टेज पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पर ब्रेक लगा दिया है। वर्ष २०२४-२५ के खरीफ सीजन में जिन सहकारी समितियों में पहले शून्य शॉर्टेज की स्थिति बनती थी, उन्हें प्रति क्विंटल ५ रुपए की दर से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब नहीं दी जाएगी। इस फैसले से जिले की दर्जनों समितियों के प्रबंधक प्रभावित होंगे, क्योंकि उन्हें अब खरीदी संचालन का सालभर का खर्च केवल निर्धारित कमीशन राशि से ही चलाना होगा। ज्ञात हो कि धान खरीदी सीजन में हर वर्ष सहकारी समितियों को यह निर्देश दिए जाते थे कि वे अपने केंद्रों में खरीदे गए धान का सही रिकॉर्ड रखें और धान उठाव से लेकर मिलान तक की प्रक्रिया में किसी तरह की हानि न हो। जो समितियां धान उठाव के बाद राइस मिलरों से मिलान की प्रक्रिया में पूरी तरह जीरो शॉर्टेज पाई जाती थीं, उन्हें राज्य शासन द्वारा एक अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाती थी। यह राशि ५ रुपए प्रति क्विंटल की दर से दी जाती थी, जिससे समितियां अपने संचालन से जुड़े अतिरिक्त खर्च को संभालती थीं। सूत्रों के अनुसार शासन को हर साल इस योजना अंतर्गत करोड़ों रुपए की राशि खर्च करनी पड़ रही थी। चूंकि राज्य की आर्थिक स्थिति पर दबाव है, शासन ने निर्णय लिया है कि अब यह प्रोत्साहन राशि बंद कर दी जाए। अब समितियों को केवल उनके निर्धारित कमीशन पर ही काम चलाना होगा। शासन का



तर्क है कि इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ कम होगा। इस फैसले से सबसे ज्यादा चिंता समिति प्रबंधकों को हो रही है। कई प्रबंधकों ने बताया कि धान खरीदी के दौरान हमें हर समय सतर्क रहना पड़ता है। एक किलो भी शॉर्टेज आने पर पूरी जिम्मेदारी हम पर डाल दी जाती है। अब जब प्रोत्साहन भी नहीं मिलेगा, तो अतिरिक्त दबाव के साथ खर्च की मार भी झेलनी पड़ेगी। प्रबंधकों का आरोप है कि कई राइस मिलरों द्वारा धान उठाव में जानबूझकर देरी की जाती है, जिससे धान खराब होने की आशंका बढ़ती है। इस वजह से शॉर्टेज की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, लेकिन उसका ठीकरा समिति प्रबंधकों के सिर फोड़ दिया जाता है। अब यदि किसी समिति में शॉर्टेज पाया गया तो उसकी भरपाई भी उसी समिति को करनी होगी। छग आदिम जाति सेवा सहकारी समिति संघ का मानना है कि एक तो शासन द्वारा लगातार काम का दबाव बढ़ाया जा रहा है, ऊपर से प्रोत्साहन की राशि भी खत्म कर दी गई, इससे समितियों की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। संभावना जताई जा रही है कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आगामी सीजन में कई समितियां वित्तीय संकट में आ सकती हैं और धान खरीदी व्यवस्था की गति प्रभावित हो सकती है। दूसरी तरफ लोग सरकार के इस निर्णय को फिजूल खर्ची पर प्रभावी नियंत्रण कर राज्य की अर्थव्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास बताया जा रहा है।

**शासन स्तर पर दिया गया है ज्ञापन**

छग आदिम जाति सेवा सहकारी समिति संघ द्वारा रायपुर में ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें इस महीने के अंत तक की मोहलत दी गई है। इसके बाद भी अगर शासन द्वारा मांग पूरी नहीं की जाएगी, तो पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में अग्रिम पहल शुरू की जाएगी। हालांकि इस वर्ष धान खरीदी से पहले होने वाले अनुबंध से ही प्रोत्साहन राशि के कालम को हटाया जा चुका था।

**अशोक साहू**
**जिलाध्यक्ष, सुरजपुर**
**आदिम जाति सेवा**
**सहकारी समिति संघ**

## लगातार बारिश से फसलों की सुरक्षा कैसे करें, कृषि वैज्ञानिकों ने दी सलाह



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट में पदस्थ वैज्ञानिक डॉक्टर संदीप शर्मा वरिस्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख प्रमुख ने बताया की सीतापुर विकासखंड में लगातार लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है और आगामी २ से ३ दिन और वर्षा होने की संभावना है इस स्थिति में जो भी कृषक बंधु दलहन, तिलहन की बुवाई एवं सब्जियों की खेती कर रहे हैं उन कृषकों को यह सलाह दी जाती है की जहां भी जल भराव की स्थिति हो वहां जल निकास की उचित व्यवस्था करें साथ ही धान की नर्सरी करने या धान लगाने का समय आ गया है उसे स्थिति में अपने खेत की मेड़ो को ठीक करे जिससे पानी का संचय किया जा सके एवं जैसे ही वर्षा बंद हो और जिस फसल की बोवाई उपरांत अंकुरण आ गई हो उसमें फफूंद नाशक दवाई का छिड़काव करें एवं कीट एवं बीमारियों के रोकथाम के लिए खेत में सतत निगरानी बनाए रखें प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ सी पी राहंगडाले एवं श्री संतोष कुमार साहू उपस्थित थे खेती संबंधी जो भी समस्या कृषकों को आती है वे कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट- सीतापुर से संपर्क कर सकते हैं।

# आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर के इक्कीस शिक्षकों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत व्याख्याताओं व कर्मचारियों के वेतन को लेकर दोहरी व्यवस्था का आरोप डीईओ पर लगा कर्मचारियों ने अपना विरोध दर्ज कराया है। इसके अलावा शिक्षकों द्वारा डीईओ पर अभद्रता का भी आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि नगर में संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को पिछली सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था। साथ ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर रखा गया था और जो शिक्षक प्रतिनियुक्ति स्वीकार नहीं किए उन्हें अन्यत्र संस्थाओं में भेजने की बात कही गई थी। बावजूद इसके आज तक तीन वर्षो से प्रतिनियुक्ति स्वीकार नहीं करने वाले शिक्षक भी यहीं जमे हुए हैं एवं उनके वेतन व्यवस्था डीडीओ के माध्यम से ट्रेजरी द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही जो शिक्षक प्रतिनियुक्ति स्वीकार कर लिए उनके वेतन आत्मानंद समिति द्वारा



प्राप्त आबंटन से किया जा रहा है। जिस वजह से शिक्षकों को जीपीएफ व पार्ट फाइनल से संबंधित समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। सेजेस हिंदी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर के शिक्षकों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुरजपुर से वर्ष भर से डीडीओ के माध्यम से वेतन भुगतान कराए जाने की मांग की जा रही है लेकिन डीईओ सुरजपुर भारती वर्मा ने तो इस संबंध में गत दिनों २३ मई को लोक शिक्षण संचनालय रायपुर का हवाला देकर जारी किया गया। अब जिला कोषालय द्वारा यह जवाब दिया जा रहा है कि प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन बिना शासन के आदेश के ट्रेजरी से नहीं दिया जाएगा।

इस पर सभी शिक्षक १७ जून को वेतन की मांग हेतु डीईओ सुरजपुर के पास गए तब डीईओ द्वारा शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार कर वेतन नहीं दिए जाने की बात कह कार्यालय से भगा दिया गया। ज्ञात हो कि गत दो महीने का वेतन नहीं मिलने से विद्यालय के इक्कीस शिक्षकों के समक्ष आर्थिक संकट जैसी स्थिति खड़ी हो गई है। यहां पदस्थ शिक्षकों द्वारा अपना विरोध दर्ज कराते हुए उच्चाधिकारियों के समक्ष न्याय की गुहार लगाई गई है।

**युक्तियुक्तकरण में भी नियमों की अनदेखी**

राज्य सरकार द्वारा लाए गए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी का मामला लगातार सामने आ रहा है। जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जानबूझ कर की गई गड़बड़ी की कड़ियां एक-एक कर खुलकर सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में यह जानकारी मिली है कि युक्तियुक्तकरण में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देश थे कि राज्य के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को इस प्रक्रिया से अलग रखा जाए। उस आदेश की खुलेआम अवहेलना जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा करते हुए अपने करीबी पांच शिक्षकों को बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर तथा माध्यमिक शाला बिश्रामपुर के नाम से पोस्टिंग दी गई, जो विद्यालय शासन के रिकॉर्ड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के नाम संचालित है। जब स्वामी आत्मानंद विद्यालय युक्तियुक्तकरण के प्रभाव से बाहर था तो बिना प्रति नियुक्ति स्वीकार किए पांच शिक्षकों को कैसे भेज दिया गया, यह जांच का विषय है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ली प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में जिले में स्वीकृत ३१५९५ आवास में से ६६८३ आवासों को पूर्ण कर लिया गया है तथा पीएम जनमन योजनांतर्गत स्वीकृत २५६५ में से ५३१ आवास पूर्ण कर लिए गए हैं।
बैठक में स्वीकृत आवासों में से पूर्णता का तीस प्रतिशत से कम प्रगति करने वाले २०० ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं समस्त पीएम जनमन ग्राम पंचायत के सचिवों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई। बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि वित्तीय वर्ष २०२५-२६ में समय सीमा में शेष पंजीयन पूर्ण कर लिए जाएं। आवास प्लस के अपात्र हितग्राहियों की सूची जिला कार्यालय में प्रेषित करें तथा आवास प्लस २.० के सेल्फ सर्वे का शत-प्रतिशत सत्यापन जल्द से जल्द किया जाए। बैठक में पीएम जनमन योजनान्तर्गत कम प्रगति के कारण बतौली,सीतापुर, लुण्ड्रा,मैनपाट के सचिव तथा अनुपस्थित सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार सभी पीएम जनमन आवास तथा २०२४-२५ के आवास के अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही पीएम जनमन के सुदूर ग्राम पंचायतों के आवासों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत भारत सरकार की पहल योजना के तहत वैकल्पिक डिजाइन पर भी चर्चा की गई। बैठक में एपीओ जिला पंचायत, जिला समन्वयक, समस्त विकासखण्ड समन्वयक, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जिले स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवा नेता नवीन जायसवाल को मिला छत्तीसगढ़ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग में महत्वपूर्ण जिम्मा

**प्रतापपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
प्रतापपुर क्षेत्र के युवा नेता नवीन जायसवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग में मनेन्द्रगढ़ और कोरिया जिलों



का प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केशव चन्द्राकर की अनुशंसा पर की गई है।
इस अवसर पर नवीन जायसवाल को उनके क्षेत्र और संगठन से जुड़े नेताओं, कार्यकताओं व शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है और यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। नवीन जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि वे संगठन के निदेर्शों का पालन करते हुए, पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि सौंपे गए जिलों में संगठन को नई ऊर्जा देने का कार्य करेंगे। यह नियुक्ति एक बार फिर यह दशार्ती है कि कांग्रेस पार्टी योग्य एवं सक्रिय कार्यकताओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है।

## कृषि मंत्री नेताम एवं सरगुजा सांसद करेंगे वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला प्रशासन बलरामपुर एवं दिन-हीन सेवा समिति द्वारा विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में किया गया है। विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ २१ जून को आदिम जाति, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एवं केबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद श्री चिन्तामणी महाराज की उपस्थिति में की जाएगी। साथ ही २२ जून को स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त शिविर में राज्य स्तर के डीकेएस सुपरस्पेशलिस्ट हास्पीटल रायपुर से डॉ. हेमन्त कुमार शर्मा सहा. प्राध्यापक एंव उप अधीक्षक, डॉ. नमन चन्द्राकर सहा. प्राध्यापक न्यूरो सर्जरी विभाग, डॉ. वरुण अग्रवाल सहा. प्राध्यापक नेफ्रोलॉजी विभाग, डॉ. अनुराग यादव सहा. प्राध्यापक यूरोलॉजी विभाग, डॉ. नितिन शर्मा सहा. प्राध्यापक पेडियाट्रीक सर्जरी विभाग, डॉ. कृष्णानन्द ध्रुव सहा. प्राध्यापक बर्न एवं प्लास्टीक सर्जरी विभाग, डॉ. रमन श्रीवास्तव सहा.प्राध्यापक एवं पेडियाट्रीक आर्थो सर्जरी विभाग एवं डॉ. आशिष गोयन्का सहा.प्राध्यापक गेस्ट्रो सर्जरी विभाग तथा मेडिकल कॉलेज रायपुर से डॉ. वेदप्रकाश वर्मा कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. प्रतीक गुप्ता कोर्डियोलॉजिस्ट, डॉ.बीके शुक्ला अधीक्षक, डॉ. राहुल स्वरुप सिंह सहा. प्राध्यापक कैंसर विभाग व डॉ. वेदप्रकाश देवांगन रेडियोलॉजिस्ट तथा मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर से डॉ.पी. के. सिन्हा विभागाध्यक्ष चर्मरोग, डॉ. संदीप तिम्मिनिडी।

# बड़वार में तीन दिवसीय उर्स का धूमधाम से समापन

## आयोजन कताओं ने पुलिस प्रशासन का बेहतरीन सुरक्षा देने जताया आभार

**प्रतापपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिले के जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में सालाना उर्स हजरत बाबा शहीदे मिल्लत एनायत हुसैन व महबूब हसन रहमतुल्लाह अलैह उर्स को धूमधाम से सजाया और मनाया जाता है इस साल भी हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी की तरफ से उर्स और कव्वाली का शानदार प्रोग्राम आयोजन किया गया यह प्रोग्राम को आयोजित किया गया जिसमें कव्वाल सरफराज साबरी, कव्वाला रौनक परवीन की शिरकत ने महफिल में समा बांध दिए दूरदराज से आए हजारों जायरीन पूरी रात बैठकर कव्वाली का लुत्फ झूमकर उठाते रहे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं सूरजपुर



जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शिवभजन मराबी सम्मिलित हुए उनके द्वारा फीता काटकर कव्वाली कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस दौरान मरावी ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी पुराने बीते बातों को बताया और कहा यह कव्वाली और उर्स हिंदू और मुस्लिम का एकता का प्रतीक है यहां बाबा के दर पर हमारी पुरानी आस्था है बाबा शहीदे मिल्लत इनायत सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं कोई उनके दर पर कोई आता खाली नहीं जाता मेरी भी कई मुराद पूरी हुई है इसीलिए लिए मैं हर साल उर्स के मौके पर पहुंचता हूं और जब तक जिंदा रहूंगा तब तक बाबा के दर पर आता रहूंगा और मेरे से जो सहयोग बनेगा मैं करूंगा और पुलिस प्रशासन का आभार जताया और कहा कि हर साल चाक चौबंद सुरक्षा देने के लिए पुलिस प्रशासन का दिल से आभार इस दौरान उनके साथ सोशल मीडिया आईटी सेल अध्यक्ष हरि कुशवाहा जी भी मौजूद रहे।

**उर्स कमेटी आयोजन कार्यकताओं के नाम**

कार्यक्रम के दौरान उर्स कमेटी के सदर मेहरुद्दीन नायब सदर शहीद अंसारी सेकेट्री सकील अंसारी खजांची मकबूल अंसारी उर्स कमेटी के संचालक मोहम्मद नफीस,मोहम्मद साबिर, मोहम्मद मैफिल,मोहम्मद मुस्तकीम, आजाद हुसैन व सैकड़ो लोगों की सहायता से बड़वार में तीन दिवसीय कव्वाली का सफल समापन हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम कार्यक्रम

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा २१ जून २०२५ को ११वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर च्योग एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यज्ज थीम पर योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। योग संगम कार्यक्रम में जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए विभिन्न स्थानों पर सुबह ७ से ८ बजे तक तक योगाभ्यास किया जाएगा। योग संगम कार्यक्रम के लिए शासकीय, शैक्षणिक संस्थान, निजी संस्था सहित अन्य को पोर्टल पंजीयन करना अनिवार्य है। योग संगम पंजीयन हेतु वेबसाईट योगा डॉट आयुष डॉट जीओव्ही डॉट इन योगा संगम पर जाना होगा। संगठन संबंधित विवरण की प्रविष्टि करना है। पंजीयन पूर्ण होने के पश्चात वेलकम मेल प्राप्त होगा जिसमें आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्राप्त हो सकेगी।। कार्यक्रम के बाद सभी फोटो, वीडियो सुरक्षित रखें, इन्हें कार्यक्रम के बाद योग संगम पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। सभी ग्राम पंचायत, शैक्षणिक संस्थान, आंगनबाड़ी केन्द्र, नगरीय निकाय सहित अन्य शासकीय एवं निजी संस्थानों को योग संगम पोर्टल में पंजीयन कराने का आग्रह किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम के साथ हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुम्भ, योग पार्क, योग प्रभाव, योग समावेशी के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरित योग अंतर्गत पारंपरिक योगाभ्यास के साथ-साथ पर्यावरण संवर्धन के लिए सामुदायिक गतिविधियों पौधरोपण, बीज वितरण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग अनप्लग्ड के तहत युवाओं को योग के प्रति सजग, जागरूक एवं प्रेरित कर उनकी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने प्रेरित किया जाएगा।

# वाड्रफनगर क्षेत्र में जिला पंचायत सीईओ का सघन निरीक्षण

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने दिए निर्देश


**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा वाड्रफनगर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर चल रहे निर्माण कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का गहन निरीक्षण किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत मानपुर में मनरेगा अंतर्गत नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने आवास हितग्राहियों से बात कर आवासों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही हितग्राहियों को आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने प्रोत्साहित किया।
ग्राम पंचायत धढ़िया में मनरेगा के तहत चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। सीईओ श्रीमती तोमर ने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें और गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए। ग्राम पंचायत कछिया में नवीन



आंगनबाड़ी भवन एवं ग्राम पंचायत बसंतपुर में निमार्णाधीन महतारी सदन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।
जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत पनसरा, कैलाशपुर में स्थित उद्यानिकी नर्सरी का निरीक्षण कर नर्सरी में उपलब्ध पौधों की जानकारी ली और आगामी नर्सरी की तैयारी के संबंध में उद्यान अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नर्सरी के विकास और पौधों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने जनपद पंचायत वाड्रफनगर कार्यालय का भी निरीक्षण किया और मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे एमआईएस और मूल्यांकन सत्यापन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रियाओं को पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए।
इस दौरान उपसंचालक पंचायत, जिला समन्वयक, जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, एसडीओ आरईएस, पंचायत निरीक्षक, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, सचिव एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

छोटी खबरें

## श्यांग-चिंरा मार्ग पर सड़क नहीं, कीचड़ का समंदर - जान जोखिम में डाल सफर कर रहे ग्रामीण



**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले के श्यांग से चिंरा मार्ग की बदहाल स्थिति ने एक बार फिर क्षेत्रीय जनजीवन को संकट में डाल दिया है। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते यह मार्ग पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो चुका है। सड़क का हाल ऐसा हो गया है जैसे कोई खेत हो- न सड़क की पहचान बची है, न ही आवाजाही की सुविधा। स्थानीय लोगों ने बताया कि १६ किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, लेकिन अब तक केवल खानापूर्ति की गई है। मुरूम डालने की जगह पर खेत की मिट्टी बिछा दी गई, जिससे थोड़ी सी बारिश में ही पूरा मार्ग दलदल बन गया है। छोटे वाहन तो दूर, बड़े वाहन भी इस सड़क पर फिसलकर पलटने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। कई राहगीरों को कीचड़ में फिसलने की घटनाएं भी हुई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग एक दर्जन से अधिक पंचायतों को जोड़ता है, लेकिन अब यह जानलेवा रास्ता बन चुका है।

**रात के समय और भी खतरनाक, प्रशासन के प्रति गुस्सा** - ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय इस मार्ग से गुजरना सबसे खतरनाक होता है, क्योंकि न तो लाइट की व्यवस्था है और न ही रास्ता स्पष्ट दिखाई देता है। कई बार वाहनचालक या पैदल यात्री कीचड़ में फंस जाते हैं या गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस सड़क की तत्काल मरम्मत एवं पक्की सड़क निर्माण की मांग की है, साथ ही नाराजगी जताई है कि अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उनका कहना है कि जान जोखिम में डालकर भगवान भरोसे सफर करना अब मजबूरी बन गई है।





# मां बनने की खुशी मातम में बदली

## पहाड़ी कोरवा समाज की बेटी की मौत पर इंसाफ की गुहार, जांच टीम की निष्पक्षता पर भी उठे सवाल

**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले के ग्राम पंचायत चुहिया गांव भटगांव में पहाड़ी कोरवा समाज की मंघई बाई को ११ साल बाद मातृत्व का सुख मिलने वाला था, लेकिन अजगरबहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही ने इस खुशी को मातम में बदल दिया। अब पूरा परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है और जिला प्रशासन मौन साधे बैठा है। परिजनों के अनुसार १५ जून की दोपहर मंघई को प्रसव पीड़ा हुई। १०२ महतारी एक्सप्रेस से उसे अजगरबहार पीएचसी लाया गया, जहां स्टाफ नर्स भुवनेश्वरी चंद्रवंशी ने सामान्य प्रसव कराया। नवजात मृत पैदा हुआ, और कुछ ही देर में मंघई की तबीयत भी बिगड़ने लगी। बावजूद इसके उसे गंभीर अवस्था में तीन घंटे तक वहीं रोककर रखा गया। जब रेफर किया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोपहर २:३० बजे मंघई ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद दिखावे के तौर पर जांच टीम बनाई गई, लेकिन पहाड़ी कोरवा समाज और मृतका के परिजन जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि दोषी स्टाफ को बचाने की कोशिश हो रही है। अब सवाल उठता है। क्या पहाड़ी कोरवा परिवार की पीड़ा की कोई कीमत नहीं? क्या पहाड़ी कोरवा समाज की बहन-बेटियों की जान की कोई अहमियत नहीं? और सबसे बड़ा सवाल- इस बेकसूर परिवार को आखिर कब मिलेगा न्याय?

# एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के तहत 30 जून तक ई-केवाईसी अनिवार्य

## अब घर बैठे मोबाइल ऐप से करें प्रक्रिया पूरी



**कोरबा अम्बिकावाणी** - भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निदेर्शानुसार च्एक राष्ट्र, एक राशनकार्डज्ञ योजना के अंतर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी एसडीएम, खाद्य अधिकारियों एवं नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि ३० जून २०२५ की समय-सीमा तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**३.५ लाख राशनकार्डधारियों में १ लाख से अधिक अब भी बाकी**

जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर ने बताया कि वर्तमान में जिले में ३,५०,८६६ राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें ११,६६,३१४ सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से १०,६५,३२७ सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है, जबकि १,००,९८७ सदस्य अब भी ई-केवाईसी से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है।

**घर बैठे मोबाइल ऐप से भी करें ई-केवाईसी**

हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए अब च्मेरा ई-केवाईसीज्ञ नामक एंड्रॉयड ऐप भी लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से हितग्राही अपने मोबाइल से ही आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं।

**खाद्य विभाग की अपील-**

३० जून से पहले ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं जिला खाद्य अधिकारी ने जिले के सभी शेष हितग्राहियों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए ३० जून २०२५ तक अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान या मेरा ई-केवाईसी ऐप के माध्यम से ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। ऐसा न करने की स्थिति में आगामी माह से राशन वितरण में परेशानी हो सकती है।

## खाद बीज दुकान में मिली गड़बड़ी पुलिस व कृषि विभाग की टीम ने जांच शुरू की



**बिश्रामपुर** - गत ३० मई को गोपनीय सूचना पर सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने जयनगर स्थित मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स खाद बीज दुकान में की गई औचक छापेमारी में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी मिलने के बाद पिछले दिनों दुकान संचालक मामन अग्रवाल के ९५ वर्षीय वृद्ध पिता के ऊपर कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जयनगर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया गया था,जिसकी अब जांच शुरू हो गई है।गुरुवार को जयनगर पुलिस और कृषि विभाग की टीम जांच के लिए दुकान पहुंची थी।बताया जाता है की खाद बीज दुकान में मिली बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के बाद अब संबंधित दुकानदार को बचाने का खेल शुरू हो गया है जिसके तहत मुख्य कारोबारी मामन अग्रवाल की जगह उसके वृद्ध ९५ वर्षीय पिता महावीर अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है जबकि मामले के असली किरदार को बचा लिया गया है।बता दें कि गोपनीय सूचना के आधार पर की गई प्रशासनिक छापेमारी में यहां बड़ी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के खाद की नई खाली बोरियां मिली थी जिनकी संख्या एफआईआर में चौदह हजार से अधिक बताई गई है।इसके अतिरिक्त कई बोरी मार्बल पत्थर का चुरा भी मिला था इससे अनुमान लगाया जा रहा है की यहां ब्रांडेड कंपनियों के बोरे में नकली खाद पैकिंग कर खपाया जा रहा था।जयनगर पुलिस आज कार्यवाही के दौरान सील किए गए गोदाम को खुलवा जांच व जप्ती की कार्यवाही शुरू की है।बताया जाता है कि नकली खाद का कारोबार हर वर्ष करोड़ो में कारोबारी के द्वारा किया जा रहा था जो जप्त खाली बोरी की संख्या से स्पष्ट होता है।

# अवैध रेत परिवहन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 14 वाहन जब्त





**कोरबा अम्बिकावाणी** - राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निदेर्शानुसार गठित टॉस्क फोर्स टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों व रेत घाटों की निगरानी करते हुए नियमित गश्त और जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रेत के अवैध परिवहन में संलग्न कुल १४ वाहनों को जब्त किया है।

**बरमपुर से लेकर करतला तक दबिश, १ टिप्पर और १३ ट्रैक्टर जब्त** - संयुक्त जांच अभियान के तहत ग्राम बरमपुर (सर्वमंगला क्षेत्र) से १ टिप्पर, कोरबा, कुसमुंडा, पाली से १-१ ट्रैक्टर, उरगा से २ ट्रैक्टर और २ टिप्पर, कटघोरा से ३ ट्रैक्टर, तथा जिल्गा (करतला क्षेत्र) से ३ ट्रैक्टर जब्त किए गए। ये सभी वाहन रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पाए गए। जप्त किए गए वाहनों को संबंधित थाना परिसर अथवा खनिज जांच चौकी में आगामी आदेश तक खड़ा किया गया है। खनिज अधिनियम के अंतर्गत इनके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

**खनिज तस्करों पर लगातार रखी जा रही है पैनी नजर**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिज तस्करी, विशेषकर रेत माफियाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। टॉस्क फोर्स टीम लगातार क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है, ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके और खनिज संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो। खनिज विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन या परिवहन की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## राज्यपाल ने आईएएस पूर्वा अग्रवाल का किया सम्मान



**रायपुर**। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में इस वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए चयनित रायपुर की सुश्री पूर्वा अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। डेका ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा राजकीय गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डेका ने कहा कि सुश्री पूर्वा अग्रवाल छत्तीसगढ़ की गौरव हैं। उनकी उपलब्धियों से राज्य के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर श्री मोहन अग्रवाल, डॉ. अनिता अग्रवाल, श्री आशुतोष सिंघल, श्री शुभम अग्रवाल एवं सुश्री अग्रवाल के अन्य परिजन भी उपस्थित थे।

## आईटीआई पोंड़ीउपरोड़ा में व्यवसाय आईओटी टेक्नीशियन में प्रवेश हेतु आनलाईन रजिस्ट्रेशन 25 जून तक

**कोरबा अम्बिकावाणी** - शासकीय आईटीआई पोंड़ी उपरोड़ा में व्यवसाय कोपा, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट हेल्थ केयर) में सत्र २०२५-२६ में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी २५ जून तक आनलाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट सीजीआईटीआई डाट एडमिशन्स डाट एनआईसी डाट आईएन पर उपलब्ध है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) /सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

क्रमांक/ 845/ वाचक-1/व्यपवर्तन/2025
पत्थलगांव, दिनांक-31/05/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम गोलियागढ़, प.ह.नं. 17, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रवण अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम लैलूंगा, तहसील लैलूंगा, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा ग्राम गोलियागढ़, स्थित भूमि खसरा नं० 365/2, 429/2 रकबा 0.134 हे., 0.425 हे. कुल रकबा 0.559 हे. 5662.73 वर्ग मी. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 25.06.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक होना नियत किया गया है।

अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक- 31.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/**
**सक्षम प्राधिकारी**
**पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा०प्र०क्र० /अ-19/2024-25
ग्राम- लखनपुर, प०ह०नं०- 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत लखनपुर के पत्र क्रमांक सरगुजा 598/स्था०/न०पं०/2025 लखनपुर दिनांक 07.05.2025 के द्वारा पुराने विकासखण्ड कार्यालय/सी०ई०ओ० क्वाटर्स नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 08 में स्थित है। उक्त परिसर से कार्यालय स्थानांतरित हुये लगभग 10 से 15 वर्ष हो चुके हैं।

उक्त परिसर की भूमि खसरा क्रमांक 137/1 कुल रकबा 0.952 हे० भूमि में से रकबा 0.060 हे० रिक्त भूमि को आबंटित करने की मांग की गई है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आगामी पेशी तिथि 23.06.2025 के पूर्व अपना दावा आपत्ति इस न्यायलय में प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**लखनपुर**

# जहरीले करैत सांप के डसने से युवक की मौत, 19 घंटे बाद बिल से रेस्क्यू किया गया सांप

## झाड़-फूंक के चक्कर में हुई देरी, गई जान





**कोरबा अम्बिकावाणी** - कटघोरा वनमंडल अंतर्गत बाता बिरदा गांव में जहरीले करैत सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, युवक रात करीब २ बजे अपने घर के कमरे में सो रहा था, तभी एक करैत सांप उसके ऊपर चढ़ गया। ठंडक का एहसास होने पर जैसे ही युवक ने हाथ से हटाने की कोशिश की, सांप ने छाती के पास डंस मार दिया। इसके बाद उसने दूसरे हाथ से सांप को पकड़कर दूर फेंका, जो कमरे की दीवार के छेद में जाकर छिप गया। चीख-पुकार सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में वाहन की व्यवस्था कर युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक अपने पीछे ६ माह की मासूम बेटी और भरा-पूरा परिवार छोड़ गया, जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल है।

**बिल में छिपे सांप का १९ घंटे बाद हुआ सुरक्षित रेस्क्यू** - सर्पदंश की घटना के बाद सांप दीवार के बिल में जाकर छिप गया था। परिजन लगातार निगरानी कर रहे थे। अगले दिन सुबह करीब ९ बजे सांप जब बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, तब घरवालों ने हिम्मत दिखाते हुए टोकरी से ढककर उसके ऊपर पत्थर रख दिया और नोवा नेचर टीम को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ रेस्क्यूर जितेंद्र सारथी, राजू बर्मन और राकेश मानिकपुरी की टीम ने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया और वन क्षेत्र में छोड़ दिया। यह रेस्क्यू कटघोरा वनमंडल के डीएफओ श्री कुमार निशांत के मार्गदर्शन में किया गया। घटना के बाद युवक को समय पर अस्पताल न ले जाकर पहले झाड़-फूंक का सहारा लिया गया। विशेषज्ञों की मानें तो यदि समय रहते मेडिकल उपचार मिल जाता, तो युवक की जान बचाई जा सकती थी।

**नोवा नेचर टीम ने जताई संवेदना, मुआवजा दिलाने की मांग** - घटना की सूचना गांव की एक महिला ने नोवा नेचर टीम को दी थी। इसके बाद टीम गांव पहुंची और पीड़ित परिवार से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की। टीम ने गांव के सरपंच और पटवारी से संपर्क कर शासकीय सहायता राशि शीघ्र दिलवाने पर जोर दिया। वरिष्ठ रेस्क्यूर जितेंद्र सारथी ने अपील की है कि सर्पदंश जैसी स्थिति में झाड़-फूंक या जड़ी-बूटी में समय गंवाने की बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचे, जिससे अनमोल जानें बचाई जा सकें। सर्पदंश से संबंधित किसी भी आपात स्थिति में संपर्क करें। ८८१७५ ३४४५५, ७९९९६ २२१५,

# सम्पादकीय

> यदि आप अपना अवगुणों रूपी कचरा भगवान को दे दें तो कोई भी व्यक्ति आप पर कीचड़ नहीं उछालेगा।
> 0 ब्रम्हकुमारी



संपादकीय

## सुलभ, पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत

*न्यायमूर्ति गवई लंदन विविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में 'भारतीय कानूनी पणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिकाइ विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उनका यह कहना बिल्कुल उचित है कि स्वचालित वाद सूचियों, 'डिजिटल कियोस्कइ और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत किया जा सकता है। पर विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या बेशकीमती हैं। प्रौद्योगिकी इनका स्थान कभी नहीं ले सकती। भारत के पास तकनीकी दक्षता, दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाली पणालियां विकसित की जा सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश का पद ग्रहण करते ही न्यायमूर्ति गवई ने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा की शुरूआत की थी। प्रधान न्यायाधीश की इस बात से सहमत हुए बिना नहीं रहा जा सकता कि प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए न किया जाए। हालांकि कुछ मामलों में न्यायपालिका ने प्रौद्योगिकी को अपनाना शुरू किया है, लेकिन एआई के इस्तेमाल के मामले में केस प्रबंधन से लेकर कानूनी अनुसंधान, और दस्तावेज के अनुवाद तक भरपूर सावधानी जरूरी है। दुनिया भर में कानूनी पणालियों में एआई के नैतिक उपयोग पर गंभीर बहस चल रही है। एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह, गलत सूचना, आंकड़ों में हेरफेर और गोपनीयता जैसे मामलों ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। पीड़ित की पहचान उजागर होने का खतरा भी बना रहता है। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल नहीं है। दूसरे, एआई उपकरणों के उचित विनियमन और निगरानी के अभाव में वे मनगढ़ंत उद्धरण या पक्षपातपूर्ण सुझाव दे सकते हैं। न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। सुलभ, पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत है।*

*प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का यह कहना कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए अत्यंत विचारणीय तथ्य है, प्रौद्योगिकी मानव मस्तिष्क का स्थान भला कैसे ले सकती है जबकि उसकी भूमिका सहायक से अधिक नहीं हो सकती।*

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर

डॉ. मनसुख मांडविया

*वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।*

हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है। दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाडि ?ों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वशस्तर कर दिए।

इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं।

ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ? के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रखकर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है।

इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्सक (टीओपीएस) शामिल है। 75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाडि ?ों को सहयोग देने के साथ व्यीापक हो गई है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्सा ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है।

खिलाडि ?ों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वापूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्यख से 2017 में आरंभ की गई खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है। राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्याजपक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हेंर दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यमकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्नह खेलों में उत्कृरष्टकता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं।

पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किए गए सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्य क बनाया गया है। इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यावस्थाण को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्ले।खनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किए जाते हैं जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्ता डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है। राष्ट्री य खेल नीति 2024 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाडि ?ों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नई मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। इनके बेहतर अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खेल संघों को सत्यनिष्ठा अधिकारी नियुक्त करने की भी आवश्यकता है।

ओलंपिक खेलों के अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्टु, योगासन, गतका और थांग-ता जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को खेलो इंडिया गेम्स द्वारा पुनर्जीवित और बढ़ावा दिया जा रहा है। कबड्डी और खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, जो भारत की समृद्ध खेल विरासत को दशार्ते हैं। खेल के क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरंभ की गई एएसएमआईटीए-अस्मियता लीग (महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना) को तेजी से विस्तारित किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां केवल 840 महिला एथलीट खेलों में सक्रिय थीं वहीं, 2024-25 में 26 खेल संवर्गों में 60,000 से अधिक महिला खिलाडि ?ों ने भाग लिया। अस्मिता लीग इन एथलीटों को खेलो इंडिया से जोड़कर प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करती है। पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के 38 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से व्यातपक होकर अब यह संख्या बढ़कर 350 पहुंच गई है।

# अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष

डॉ. जितेन्द्र सिंह

*केरल के थुंबा में मछली पकड? वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाईयों को छूएगा। यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा।*

आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है झ यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है।

यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दशार्ता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है । प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है। साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं - वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है। भारत के उपग्रह अब मौसम पूवार्नुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नजर रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लाने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। ये काल्पनिक लाभ नहीं हैं, बल्कि - ये लाखों लोगों के जीवन में आया वास्तविक, उल्लेखनीय सुधार हैं। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है, और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं - अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं। भविष्य पर गौर करते हुए, भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन- बनाने की योजना बना रहा है। पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है, और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीकों की पुष्टि की है।

## कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पिछले करीब चार दशक से चल रहा है। पिछली सदी में आठवें दशक के मध्य में इसकी शुरूआत हुई थी। उसके बाद करीब 40 साल में कोई मौका ऐसा नहीं आया, जब जम्मू कश्मीर में और खास कर कश्मीर घाटी के स्थानीय निवासियों के मन में पाकिस्तान के प्रति ऐसी नफरत पैदा हुई हो और उसका प्रकटीकरण भी हुआ हो, जितनी पहलगाम की घटना के बाद हुई है।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित हुई। अपने हिंदू बिरादरान के साथ खड़े हुए और आतंकवादियों को अपना दुश्मन बताया। इससे पहले किसी न किसी रूप में आतंकवादियों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिलता रहता है। वे अपने आर्थिक हितों और अपने जीवन से ज्यादा पाकिस्तान के इस नैरेटिव की लड़ाई लड़ते थे कि, 'कश्मीर उसके गले की नस हैइ। पहलगाम में धर्म पूछ कर 27 हिंदुओं की हत्या किए जाने के बाद कश्मीरी आवाम आंदोलित हुआ है। हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। ऐसा नहीं है कि कोई पार्टी लोगों को मोबिलाइज कर रही थी। भाजपा ने भी अपनी ओर से कुछ प्रयास नहीं किया, जबकि उसके 29 विधायक हैं और वह एक बड़ी राजनीतिक ताकत है। लोग खुद ब खुद घरों से निकले और पाकिस्तान का विरोध किया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हमला कश्मीरियत की भावना के ऊपर है। जाहिर है इतने बड़े विरोध के पीछे एक कारण यह भी था कि पहली बार आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर इतना बड़ा नरसंहार किया था और कश्मीर लोगों को भी इसके असर का अंदाजा होगा। लेकिन उसके साथ साथ एक कारण यह भी था कि आतंकवादियों ने इस अलिखित नियम का उल्लंघन किया था कि पर्यटकों या दूसरे बाहरी लोग, जो स्थानीय अर्थव्यवस्थ को सपोर्ट करते हैं उन पर हमला नहीं होना चाहिए। पर्यटकों पर हमले का पहला असर तो यह हुआ है कि पर्यटन का हाई सीजन होने के बावजूद सारी बुकिंग रद्द होने लगी है। होटलों की 90 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। हवाई जहाज की टिकटें कैंसिल की जा रही हैं। लोग श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग आदि छोड़िए लोग वैष्णो देवी की यात्रा रद्द कर रहे हैं। सोचें, पिछले साल दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे। भारत के कुल 25 करोड़ लोगों ने घरेलू पर्यटन किया, जिसका 10 फीसदी अकेले कश्मीर गया था। इससे कितना राजस्व सरकार को और वहां के कारोबारियों को मिला होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले कुछ समय से जम्मू कश्मीर के बारे में धारणा बदली थी और अनुच्छेद 370 हटाए जाने का सकारात्मक असर दिखने लगा था।

0 हरिशंकर व्यास

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1357

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | ■ | 14 | | |
| 15 | | | ■ | 16 | | ■ | |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | 18 | ■ |
| 19 | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1906 को इस भारतीय क्रांतिकारी ने जन्म लिया था (8)
7. भुना हुआ दाना, लावा, कील (2)
8. जंगल, वन, अरण्य (3)
9. सिंह, वीर पुरुष, नाहर, केसरी (2)
11. दावा, फरियाद, अभियोग, मुकदमा (3)
12. डर, भय, आशंका, जोखिम (3)
14. गंध फैलाना (3)
15. चांदी, उजला (3)
16. एक प्रसिद्ध दिवंगत हास्य अभिनेता जिनका बेटा भी अभिनेता-निर्देशक था (2)
17. मिट्टी एवं पानी आदि का लेसदार घोल (2)
20. फर्श आदि पर बिछाई जाने वाली छपी हुई चादर (3)
22. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
24. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
25. तारा शंकर बंदोपाध्याय की एक सुप्रसिद्ध कृति, समूह में बंटे हुए देवता (5)

**ऊपर से नीचे**
1. चंद्रमारूपी शिरोभूषण पहनने के कारण भगवान शिव का एक नाम (5)
2. अभिमान, दर्प, डींग, अकड़ (2)
3. अखरना, खटकना, बुरा लगना (3)
4. छोटे-छोटे तारों का समूह, मंदाकिनी (5)
5. प्राण, मूल तत्व, शरीरिक शक्ति, सामर्थ्य (2)
6. दन-दन शब्द होना, खुशी मनाना (5)
10. रात्रि में होने वाला जागरण (4)
13. उल्लू को यह भी कहा जाता है (4)
16. हमला करना, चढ़ाई करना (4)
18. पद के लिए उम्मीदवारों में से बहुमत के आधार पर चुनना (3)
19. इस देश में तांबे की विश्व की सबसे बडी खान है जो कि 3000 मीटर की ऊंचाई पर है (2)
21. संसार, विश्व, एक प्रकार का बर्तन (2)
23. रिश्ता, संबंध (2)

**वर्ग पहेली 1356 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | के | श | ■ | बे | ल | गा | म |
| म | ला | ल | ■ | त | ख | मी | ना |
| ता | ■ | भ | ग | वा | ■ | ■ | व |
| ज | य | ■ | श्री | ■ | ग | ब | न |
| ■ | क | री | ब | ■ | या | म | ■ |
| द | र | मा | ■ | बा | ना | ■ | र |
| ल | की | ■ | सा | दा | ■ | दा | ग |
| ■ | ब | ल | रा | म | जा | ख | ड़ |

## एकदा

### सेल्फी विद ऑक्सीजन टैंकर




भाई साहब विकास पुरुष, जन-जन के लाडले, युवा हृदय सम्राट हैं। भाई साहब के फेसबुक पेज पर उनकी तस्वीरें देख आत्मा प्रसन्नता से झूम उठती है। जब से कोरोना आया है, भाई साहब चैन से बैठे तक नहीं हैं। लोकतंत्र वारियर के रूप में रिसॉर्ट प्रवास पर जाने वाले भाई साहब इन दिनों कोरोना वारियर की छवि बनाने में भिड़े हैं। वे लगातार क्षेत्र में सघन दौरों में लगे हैं। जहां भी जाते हैं, फेसबुक लाइव करके दुनिया को बताते हैं। अरे दीवानों, मुझे पहचानो, कहां से आया हूं मैं कौन, की धुन मन में गुनगुनाते हुए वे समस्याओं की ओर देखते हैं। गांव है, गांव में बीमारी है, मगर स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र नहीं है तो क्या, भाई साहब तो हैं। जनता की पीड़ा पर वे सिस्टम को तत्काल आदेश देते हैं। उनके एक आदेश से स्कूल अस्पताल में बदल जाता है। अजी! अब तक अस्पताल कहां था जनता यह सवाल करना भूल जाती है। भाई साहब जादूगर हैं। अपनी अदाओं से बुद्धि, विवेक, तर्क शून्य कर देते हैं। यदि जनता पूछ भी ले तो वे सीना ताने कहेंगे-अब तक कोरोना भी कहां था?

भाई साहब भाषण देते हैं, भाषण लाइव होता है, जनता जय हो कमेंट करती है। भाई साहब शहर में होते हैं, शहर कोरोना की गिरफ्त में होता है। ऑक्सीजन की किल्लत से अफरातफरी मची होती है। अस्पतालों में मरीज तो क्या, उनके परिजनों की भी सांसें फूल रही होती हैं। भाई साहब शांत रहते हैं।

0 सौरभ जैन

## राशिफल

**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज आपकी रुचि अध्यात्म में रहेगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। आज किसी पुराने मित्र से- मुलाकात, आपको खुशी देगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नज? आएंगी। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैलाने का काम कर सकते हैं

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किए जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी,

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यो में आपकी रुचि हो सकती है । आज करीबी दोस्त या रिश्तेदार किसी काम में आपका सहयोग करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। लोगों के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा,

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

मकर राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। सही रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

## 105 लीटर विदेशी शराब जब्त

**रायपुर।** दलदल सिवनी के हर्ष प्राइड में आबकारी विभाग ने दबिश देकर मध्यप्रदेश से तस्करी किए गए कई ब्रांडों की 105 लीटर शराब के साथ आरोपी संजय दासवानी को गिरफ्तार किया है। जप्त शराब की कीमत 1 लाख 59 हजार रुपये बताई जा रही है। जब्त शराब की बोतलों में मध्यप्रदेश की 9 बोतल रेड लेबल व्हिस्की, 9 बोतल हंड्रेड पाइपर व्हिस्की,10 बोतल ब्लैक एंड वाइट ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की, 23 बोतल रॉयल स्टेग व्हिस्की, 4 बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की, 24 बोतल ब्लेंडर प्राइड अल्ट्रा व्हिस्की और 90 बोतल किंगफिशर बियर केन शामिल है।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर जन जागरूकता प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना



**कोरिया बैकुंठपुर** - कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के द्वारा धरती आबा जनजातिय उत्कर्ष अभियान" के अंतर्गत विश्व सिकल सेल दिवस पर, जन जागरूकता हेतु प्रचार - प्रसार रथ ,"धरती आबा जनजातिय उत्कर्ष अभियान " जनजातिय क्षेत्रों के लिए एक व्यापक विकास मिशन राष्ट्र व्यापी जागरूकता और लाभ संस्तृप्ति अभियान १५ जून २०२५ से ३० जून २०२५ तक चलाया जा रहा है ताकि विशेष ट्राइबल एरिया में सारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा सके और जो लक्ष्य है कि प्रति व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित व लाभ प्राप्त कर सके।

**स्टाप डायरिया कैंपेन** - १६ जून २०२५ से ३१ जुलाई २०२५ तक चलाया जाना है का भी प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथ को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले में ० से ५ वर्ष तक के बच्चों में होने वाले संक्रमण से बचाव हेतु एवं समीप के स्वास्थ्य केंद्रों से ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट प्राप्त कर सुरक्षित रखने एवं खतरे से बचने और डायरिया से होने वाले मृत्यु को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए काम किया जाएगा। स्वच्छता, हाथों को धोने के तरीके, कब हाथ धोना है, क्या करना है सारी जानकारी जन जागरूकता के तहत जानकारी मिलेगा।

**क्षेत्रीय मितानिन, आर एच ओ मेल** - फीमेल, स्वास्थ्य अमले, अन्य संबंधित विभाग जैसे महिला बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताएँ, सदस्य , स्कूल टीचर, बच्चे इत्यादि को प्रचार प्रसार के माध्यम से डायरिया प्रबंधन के बारे में अवगत कराना। "स्टाफ डायरिया कैंप" डेढ़ माह का अभियान है जिसमें सभी ५ वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए दो ओआरएस पैकेट और १४ जिंक की गोलियों का वितरण करना है।

विश्व सिकल सेल दिवस पर आज १९ जून २०२५ को जन जागरूकता प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ?के द्वारा रथ को हरी झंडी दिखाया गया। जिले में सिकल सेल कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों का जांच - स्क्रीनिंग किया जाना चाहिए। सिकल सेल जांच करने हेतु लोगों को जागरूक करना है, सभी ० से ४० वर्ष तक के लोगों का सिकल सेल जांच करना अनिवार्य है, योजना बनाकर शत -प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा जानकारी दी गई कि सिकल सेल एक अनुवांशिक रोग है। मनुष्य शरीर के खून में लाल रक्ताणु (हीमोग्लोबिन) जो गोल होता है ये लाल रक्ताणु पूरे शरीर में ऑक्सीजन संचारित करती है। परंतु जो व्यक्ति सिकल सेल से पीड़ित होता है उसका लाल रक्ताणु (हीमोग्लोबिन) गोल के बजाय हंसिये के आकार का होता है जिससे व्यक्ति के शरीर में ऑक्सीजन की पूर्ति ठीक से नहीं हो पाता है वह व्यक्ति सिकल सेल से पीड़ित होता है। लोगों को जानकारी के साथ-साथ बचाव के तरीके भी बताया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग? श्रीमती उषा लकड़ा, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, मण्डल परियोजना अधिकारी एवं समस्त अधिकारी - कर्मचारी शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

## मतदाताओं को 15 दिनों के भीतर मिलेगा ईपिक कार्ड




**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक अहम कदम उठाया है। अब निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (ईपिक) का वितरण और अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी हो गया है।

आयोग द्वारा लागू किए गए नए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या किसी प्रकार के संशोधन के बाद 15 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति को उनका ईपिक कार्ड प्राप्त हो जाए। इस नवाचारपूर्ण प्रणाली के तहत प्रत्येक ईपिक कार्ड की प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और ट्रैक करने योग्य बनाया गया है। मतदाता को कार्ड जारी होने से लेकर उसके वितरण तक हर चरण की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। यह पहल मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं निर्वाचन आयुक्तगण डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के नेतृत्व में की गई है, जो देशभर के मतदाताओं को त्वरित और कुशल सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस उद्देश्य को साकार करने के लिए निर्वाचन आयोग ने हाल ही में शुरू किए गए म्ब्प्छमज प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल विकसित किया है जो ईपिक वितरण की पूरी प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाएगा। डाक विभाग का एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) भी ईसीआई नेट से जोड़ा जाएगा जिससे कार्ड का निर्बाध वितरण सुनिश्चित हो सके। इस पहल से न केवल सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी बल्कि डेटा सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। निर्वाचन आयोग का यह प्रयास डिजिटल युग में सुशासन और नागरिक सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयोग ने बीते 4 महीनों में मतदाताओं और अन्य हितधारकों के हित में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं और यह नई प्रणाली उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

# धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता रथ को किया रवाना

### नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया जाएगा जागरूक



**कोरिया बैकुंठपुर** - धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान चिन्हांकित १५४ ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजातियों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, बाल विवाह रोकथाम, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, पोषण वाटिका, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आदि सभी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभांवित करने के लिए १५ जून से ३० जून २०२५ तक विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं आयोजित शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए आज १९ जून २०२५ को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर धरती आबा जनभागीदारी अभियान रथ को रवाना किया गया। यह रथ निर्धारित अवधि मे सभी चिन्हांकित ग्रामों में जायेगी साथ ही साथ कला-जत्था के माध्यम से नुक्कड़-नाटक आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## स्वास्थ्य विभाग पर समाचार कवरेज रोकने का आदेश वापस, पत्रकार संघ के विरोध के बाद सरकार की बड़ी कार्यवाही

**कोरिया बैकुंठपुर** - छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश को लेकर प्रदेशभर के पत्रकारों में असंतोष व्याप्त था, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाने जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस आदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने मुखर विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा पत्रकारिता के मूलभूत अधिकारों के विरुद्ध बताया। पत्रकार संघ के दबाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने उक्त आदेश को वापस ले लिया है। यह निर्णय राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने इस आदेश को तानाशाही प्रवृत्ति करार देते हुए कहा था कि यह न सिर्फ प्रेस की आजादी पर कुठाराघात है, बल्कि आम जनता के सूचना के अधिकार को भी बाधित करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि लोकतंत्र की मयार्दा को बनाये रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आदेश को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो पूरे राज्य में पत्रकार आंदोलन करेंगे। इस विरोध के समर्थन में विभिन्न पत्रकार संगठनों, स्वतंत्र पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने भी आवाज उठाई। सोशल मीडिया के माध्यम से यह मुद्दा व्यापक रूप से सामने आया और जन समर्थन मिलने लगा। सरकार पर दबाव बढ़ता गया कि वह प्रेस की स्वतंत्रता से छेड़छाड़ करने वाले किसी भी निर्णय से पीछे हटे। पत्रकारों के संयुक्त प्रयासों और जनभावना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार का अहम फैसला।

## मनेंद्रगढ़ जिला बने 3 वर्ष होने को और पुराने राजस्व अभिलेखों के लिए अभी भी कोरिया की दौड़



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरण सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 44-45 और 54-55 के पुराने राजस्व अभिलेख बी-1, नक्शा, खसरा, पंचशाला आदि दस्तावेज एमसीबी जिला से उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस नेता ने अपने ज्ञापन में कहा कि कोरिया से पृथक होकर नवगठित जिला एमसीबी को अस्तित्व में आए 3 वर्ष होने को है, लेकिन अभी तक पुराने राजस्व अभिलेख के लिए बैकुंठपुर की दौड़ लगानी पड़ रही है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मनेंद्रगढ़ जिले का सर्वाधिक दूरस्थ अंचल तहसील भरतपुर और कोटाडोल है जहां से पुराने राजस्व अभिलेखों को प्राप्त करने कोरिया आने-जाने में आर्थिक और मानसिक परेशानियों के साथ अनावश्यक समय व्यतीत होता है। शासकीय अवकाश होने या संबंधित कर्मचारियों के अवकाश आदि मकें चले जाने के कारण दस्तावेज प्राप्त करने में महीनों लग जाते हैं। उपरोक्त तमाम कारणों से पुराने राजस्व अभिलेख को एमसीबी जिला से ही उपलब्ध कराया जाना जन हित में उचित होगा। शरण सिंह ने इस संदर्भ में कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराते हुए त्वरित पहल किए जाने की मांग की है।

## अवैध परिवहन पर कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

## खनिज अधिकारी ने कहा चार वाहन जप्त, आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी



**कोरिया बैकुंठपुर** - कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर खनिज विभाग अवैध खनिज (रेत, ईट, गिट्टी) परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को जप्त किया है। यह कार्रवाई तहसील बैकुण्ठपुर एवं पटना क्षेत्र में की गई। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज का परिवहन करते पाया गया, जिसके बाद उन्हें मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ बैकुण्ठपुर एवं पटना थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। जप्त किए गए वाहनों की जानकारी बिना नंबर ट्रैक्टर मालिक शक्तिपाल सिंह ,बिना नंबर ट्रैक्टर मालिक बीटू साहू, महिंद्रा (सोल्ड) मालिक छोटू हैं और सी.जी.१६ सी.टी. २४४४ मिनी ट्रक मालिक तारिक खान हैं। इन सभी वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम २०१५ की धारा ७१ तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम १९५७ की धारा २१ से २३ (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। खनिज अधिकारी कहा है कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एस0पी0 ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर** - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार द्वारा उच्चतम न्यायालय के रीट-पीटिशन सुकन्या संस्था विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में परित निर्णय के परिपालन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मो० रिजवान खान, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी दीक्षित, सचिव डी०एल०एस०ए० श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्यों के द्वारा जिला जेल बैकुण्ठपुर का निरीक्षण किया गया और साथ ही जानकारी ली गयी कि जिला जेल बैकुण्ठपुर में जाति आधारित भेदभाव या अन्य भेद-भाव पूर्ण प्रथाएं अभी भी जेलों के अंदर तो नही हो रही।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बंदियों के जेल में निरूद्ध रहने के दौरान मिलने वाली अधिकारों एवं अन्य मूलभुत सुविधाओं की जानकारी ली गयी। यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय पर विधिक सेवाएँ उपलब्ध कराये जायें ताकि उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव न हो, निरीक्षण के दौरान जिला जेल से संबंधित इम्फ्राइस्ट्रेक्चर, बंदियों के बैरक, बंदियों के उपयोग हेतु जेल में बने शौचालय की स्थिति, उसकी साफ सफाई की समीक्षा की गयी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं कलेक्टर बैकुण्ठपुर ने बंदियों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता का जांच किया, बंदियों से मिलकर उनके समस्याओं को सुना, साथ ही जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक में उपलब्ध सुविधा एवं लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में विजिटर बोर्ड के सदस्य मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्या अधिकारी डा० प्रशांत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उपसंचालक समाज कल्याण श्री आलोक भवाल, जिला रोजगार अधिकारी श्री उमेश कुमार पटेल (डिप्टी कलेक्टर) एवं महाप्रबंध जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैकुण्ठपुर श्री एम० बडा, विजिटिंग लॉयर श्री अजय कुमार सिंह एवं जेल अधिकार मित्र अजय राजवाडें उपस्थित थे।

## संकरी में शासन के सहयोग से अवैध कब्जा हटाओ मुहिम शुरू, पंचायत व ग्रामीण सक्रिय

**रायपुर।** विधानसभा आरंग व तहसील मंदिर हसौद के अधीन आने वाले ग्राम संकरी (जावा) में बुधवार से पंचायत ने शासन के सहयोग से एक बार फिर अवैध कब्जा हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। बीते दिनों पंचायत ने ग्रामीणों की सहमति से अवैध कब्जा हटवाने का प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद पहुंचे राजस्व अमला द्वारा नाप-जोख कर अवैध कब्जों को चिन्हांकित करने के बाद पंचायत ने अवैध कब्जा हटवाना शुरू कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि अवैध कब्जों से बदरंग हो चले ग्राम संकरी में कुछ वर्षों पूर्व ग्रामीणों ने अवैध कब्जों को हटवा निस्तारी समस्या दूर की थी लेकिन कालांतर में ग्रामीण व्यवस्था के ढीला पड़ जाने से अवैध कब्जा की प्रवृत्ति फिर शुरू हो चली थी व बेजा कब्जाधारी निस्तारी भूमि पर कब्जा कर खेती करने लगे थे। एक दूसरे की देखादेखी रफ्तार से बेजा कब्जा बढ? से आम निस्तारी की समस्या फिर आने लगी थी। ग्रामीणों व पंचायत की मनाही के बाद भी वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे। इस पर ग्रामीणों की बैठक के बाद पंचायत ने अवैध कब्जा हटवाने का प्रस्ताव पारित कर बीते दिनों तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था।

**विज्ञापन**

बैकुंठपुर स्थित फर्म "श्री नरेंद्र कमर्शियल"
डिस्ट्रीब्यूटर - M.D.H. मसाले को सेल्स Representative (S.R.) की अतिशीघ्र आवश्यकता है,

- S.R. की नियुक्ति M.D.H. मसाले के कंपनी पे-रोल पर रहेगी।
- सैलरी - योग्यतानुसार
- बायो डाटा के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें,
- स्थानीय युवकों को वरीयता

**पता - "श्री नरेंद्र कमर्शियल" मिश्रा काम्प्लेक्स, भांड़ी, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया (छत्तीसगढ़)**
**संपर्क नंबर - 9340945160, 8889909241**

## जातिगत जनगणना से लेकर संविधान बचाओ तक – राहुल गांधी के योगदानों पर विचारगोष्ठी




**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता, पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस आज सादगी के साथ राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय, कोरिया में मनाया गया।

इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कांग्रेसजन एवं समाजसेवियों ने राहुल गांधी के जनहितकारी कार्यों, विशेष रूप से जातिगत जनगणना एवं संविधान रक्षक अभियान में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने बताया कि जातिगत जनगणना के मुद्दे को राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मंच पर उठाकर सामाजिक न्याय को नई दिशा दी। यह उनके संघर्ष और दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज देश में हाशिए पर खड़े समाज को उसकी वास्तविक स्थिति के आधार पर अधिकार मिलना सुनिश्चित हो रहा है। वहीं संविधान रक्षक अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता आम जनता को संविधान के मूल अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। यह अभियान जमीनी स्तर तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का एक जन आंदोलन बनता जा रहा है।

कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं युवा कार्यकताओं ने राहुल गांधी जी के दीघार्यु एवं संघर्षशील जीवन की कामना की।

इस अवसर पर : जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह,गणेश राजवाड़े, आशीष यादव लल्ला, भूपेंद्र यादव, सौरभ गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार राजवाड़े, सुमन दुबे, गणेश जायसवाल, संजोती मरकाम, रकीबा बेगम, मीनू मांझी, संतोष गोयन, हीरालाल साहू, विजय चक्रधारी, एसएन मोदी, एजाज गुड्डु, शिवराम, जानू वसीम लालदास महंत, आर्यन एवं अनेकों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# धरती आबा अभियान - जनजातीय समुदाय को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में 17 से 30 जून 2025 तक चल रहे विशेष ग्राम स्तरीय विकास शिविरों की श्रृंखला के तहत जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़हसवाही में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्राम बड़काबहरा, रोकड़ा, घोड़बंधा, डिहुली, रोझी, बिरौरीडांड़ एव कछौड़ के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समग्र, समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित करना रहा। शिविर में 17 मंत्रालयों की 25 प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई और कई योजनाओं का लाभ मौके पर ही पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया गया। शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति और निवास प्रमाण पत्र वितरण, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, नरेगा जॉब कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे लोगों को दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व फील्ड कर्मचारी पूरी तत्परता से मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान की सतत निगरानी की जा रही है ताकि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचे।

## गोल्डन आउटफिट में सई मांजरेकर का बोल्ड अवतार, फोटोज देख फैंस बोले- स्टनिंग क्वीन

एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से तहलका मचा दिया है. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह गोल्डन शिमरी आउटफिट में नज? आ रही हैं. डीप नेकलाइन और बॉडी फिटिंग इस ड्रेस में सई बेहद हॉट और एलिगेंट लग रही हैं. सई मांजरेकर ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, इस टॉप के प्रति जुनूनी और अपने लुक की तारीफ में कोई कसर नहीं छोड़ी. इन फोटोज में उनका कॉन्फिडेंस, एक्सप्रेशन और पोजिंग कमाल की है. डार्क बैकग्राउंड के साथ उनका ये फोटोशूट काफी ग्लैमरस और क्लासी फील दे रहा है. इन तस्वीरों पर फैंस की जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं.



# इंग्लैंड बनाम भारत: पहले टेस्ट मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरूरी आंकड़े

**नईदिल्ली,19 जून।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच प्रतिष्ठित 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होने जा रहा है। इस बेहद चुनौतीपूर्ण सीरीज का पहला मुकाबला हेडिंग्ले, लीड्स में खेला जाएगा।

शुभमन गिल पहली बार टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि इंग्लैंड की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी।

दोनों टीमें संतुलित नजर आ रही हैं और मुकाबला कांटे का हो सकता है।

आइए पहले मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था।

दोनों टीमों के बीच अब तक 136 मुकाबले खेले गए हैं। 35 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 51 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 67 मैच खेले गए हैं। 9 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 36 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

पहले टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन पूरी बदली हुई नजर आएगी।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद अब कई युवा चेहरों को मौका मिलेगा।

कप्तान गिल के सामने एक नई टीम को संभालने और विदेशी जमीन पर जीत दिलाने की बड़ी चुनौती होगी।

संभावित एकादश: यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर और उपकप्तान), करुण नायर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर/नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है।

जैकब बेथेल को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया है, वहीं इंग्लैंड की टीम में सैम कुक और गस एटकिंसन के स्थान पर तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स और ब्रायडन कार्स की वापसी हुई है।

पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

रूट ने पिछले 10 टेस्ट में 61.19 की औसत से 979 रन बनाए हैं। ब्रूक के इतने ही टेस्ट में 961 रन हैं।

यशस्वी ने पिछले 10 टेस्ट में 40.53 की औसत से 770 रन बनाए हैं। पंत के नाम पिछले 10 टेस्ट में 677 रन हैं।

गेंदबाजी में बशीर ने पिछले 10 मैच में 32 विकेट झटके हैं। कार्स के नाम पिछले 5 मैच में 27 विकेट है।

बुमराह ने पिछले 9 मैच में 46 विकेट लिए हैं।

विकेटकीपर: ऋषभ पंत।

बल्लेबाज: जो रूट (कप्तान), केएल राहुल, बेन डकेट, शुभमन गिल, हैरी ब्रुक (उपकप्तान) और यशस्वी जायसवाल।

ऑलराउंडर्स: बेन स्टोक्स।

गेंदबाज: क्रिस वोक्स, जसप्रीत बुमराह और ब्रायडन कार्स।

भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले, लीड्स स्टेडियम में शुरू होगा।

यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से देखा जा सकता है।

भारत में इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार ऐप पर होगी। सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा।

## छोटी खबरें

### भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले अचानक इंग्लैंड पहुंचे सूर्यकुमार यादव



नई दिल्ली,19 जून। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव लंदन पहुंच गए हैं. वह टीम इंडिया में शामिल होने के लिए वहां नहीं पहुंचे हैं बल्कि उनकी स्पोर्ट्स हर्निया से संबंधित चोट के इलाज के लिए लंदन में किसी विशेषज्ञ से सलाह लेने की संभावना है.

सूत्र ने बताया, इस बार यह दाएं तरफ का हर्निया है और सूर्यकुमार को किसी विशेषज्ञ से परामर्श लेने की उम्मीद है.

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने 700 से अधिक रन बनाए और इसके बाद मुंबई टी20 लीग में भी हिस्सा लिया. मुंबई टी20 लीग में उन्होंने 5 मैचों में एक अर्धशतक सहित 122 रन बनाए.

भारतीय क्रिकेट टीम 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमर कस रहा है और वे अपना अगला टी20 मैच 26 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे. इस प्रकार, दाएं हाथ का बल्लेबाज लगभग तीन महीने तक एक्शन से दूर रहेगा.


इंडियन प्रीमियर लीग में, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 65.18 की औसत और 167.91 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए शानदार फॉर्म में थे. उन्होंने टूनार्मेंट में 5 अर्धशतक शामिल थे और वह साई सुदर्शन (759) के बाद टूनार्मेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे.

राष्ट्रीय टीम के लिए, सूर्यकुमार ने अभी तक 1 टेस्ट, 37 वनडे और 83 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने क्रमश: 8, 773 और 2598 रन बनाए हैं. मध्यक्रम का यह टी20 स्पेशलिस्ट बल्लेबाज पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीम में अहम भूमिका निभा रहा है.

बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को भारतीय टीम में 19वें सदस्य के रूप में शामिल किया है. ऐसा कहा जा रहा है कि यह कदम इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सीरीज के केवल 3 मैच खेलने की संभावना है और इसलिए हर्षित कुछ मैचों में उनकी जगह ले सकते हैं, जहां वह लाइन-अप में शामिल नहीं होंगे.

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा.

# आंकड़ों का कमाल: ग्रैंड स्लैम फाइनल में कार्लोस अल्कराज को अब तक नहीं मिली हार



**नईदिल्ली,19 जून।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ग्रैंड स्लैम में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल में उन्होंने जेनिक सिनर को कड़े मुकाबले में हराया था।

अल्कराज ने 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की थी। अल्कराज अब ओपन एरा में सबसे ज्यादा मेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक भी फाइनल नहीं हारा है।

उनका रिकॉर्ड 5-0 का है।

फ्रेंच ओपन 2025 जीतकर अल्कराज ओपन एरा में ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपने करियर के पहले पांचों ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते हैं।

उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने अपने शुरूआती 7 ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते थे।

अल्कराज ने यूएस ओपन टेनिस 2022, विंबलडन 2023-2024 और फ्रेंच ओपन 2024-2025 के खिताब अपने नाम किए हैं।

उनका ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड अब 71 जीत और 12 हार का हो गया है।

21 साल और 70 दिन की उम्र में अल्कराज ओपन एरा में सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने थे, जिन्होंने एक ही सत्र (2024) में फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीते। इसे चैनल स्लैम कहा जाता है। वह इस साल यह उपलब्धि दोहरा सकते हैं।

अल्कराज ने 2022 में कैस्पर रूड को 4 सेटों में हराकर यूएस ओपन टेनिस का खिताब जीता था।

2023 में उन्होंने नोवाक जोकोविच को 5 सेटों में हराकर विंबलडन जीतकर इतिहास रच दिया था।

इसके बाद इस युवा सनसनी ने साल 2024 में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 5 सेटों में हराकर पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता था।

उसी साल उन्होंने जोकोविच को फिर हराकर 2024 विंबलडन खिताब भी अपने नाम किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, अल्कराज 21वीं सदी में सिर्फ चौथे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने लगातार 4 साल तक पुरुष सिंगल्स में कोई न कोई ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया है। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ फेडरर, राफेल नडाल और जोकोविच ने किया था।

2025 फ्रेंच ओपन फाइनल में अल्कराज ने 3 मैच प्वाइंट बचाकर खिताब जीता। ऐसा कर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले वह तीसरे पुरुष खिलाड़ी बने जिन्होंने मैच प्वाइंट बचाए।

2023 विंबलडन फाइनल में उन्होंने जोकोविच को हराया, जो 2017 के बाद से ग्रास कोर्ट पर अजेय थे।

अल्कराज 3 अलग-अलग सतहों पर ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी भी हैं।

## एफआईएच प्रो लीग में भारतीय महिला टीम ने अर्जेंटीना से 2-2 से खेला ड्रॉ



**0-लेकिन शूटआउट में हारी**

**लंदन,19 जून।** भारतीय महिला हॉकी टीम को बुधवार को इंग्लैंड के लंदन में ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में चल रहे एफआईएच प्रो लीग के सीजन में फुल टाइम तक 2-2 से बराबरी करने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा.

भारत मैच के अधिकांश समय तक पीछे रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अंतिम क्वार्टर में वापसी की और दीपिका (50इ) और नवनीत कौर (56इ) के गोल से भारत ने स्कोर बराबर कर दिया और एक अंक हासिल किया. इससे पहले दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना ने अगस्टिना गोरजेलनी (27इ, 37इ) के गोल से मैच में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली थी. फुल टाइम तक स्कोर 2-2 से बराबर था, और इसलिए मैच बोनस पॉइंट के लिए पेनल्टी शूटआउट में चला गया. शूटआउट में भारत ने सभी 4 प्रयास गंवा दिए, जबकि अर्जेंटीना की ब्रिसा ब्रुगेसर और सोफिया काइरो ने अपने मौके भुनाए.

पहले क्वार्टर में कोई भी टीम विपक्षी गोलकीपरों को परेशान करने में सफल नहीं हुई, क्योंकि अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति ने भारतीय हमले को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया. भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी कुछ बेहतरीन स्टिक वर्क और तेज पासिंग दिखाई, और अर्जेंटीना की टीम की तुलना में उनके पास अधिक सर्कल एंट्री थी. भारत को 25वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, और इसके बाद खेल की शुरूआत में नवनीत ने सर्कल के ऊपर से एक टॉमहॉक छोड़ा. हालांकि, अर्जेंटीना की गोलकीपर क्रिस्टीना कोसेंटिनो ने शानदार बचाव किया.

अगस्टिना गोरजेलनी ने 27वें मिनट में गोल करके टीम को बढ़त दिलाई. उन्होंने 37वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया. नवनीत ने 50वें मिनट में भारत के लिए गोल किया, जब उन्होंने डिफेंडर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया. दीपिका ने मैच के समाप्त होने से 5 मिनट पहले भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाया और गेंद को पूरी तरह से नेट में पहुंचा दिया.

### अमेरिकी फेड ने लगातार चौथी बार ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

**मुंबई,19 जून।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने अपनी बेंचमार्क ब्याज दरों को लगातार चौथी बैठक के लिए 4.25-4.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जिससे उभरती आर्थिक स्थितियों के बीच अपना सतर्क रुख बरकरार रखा. फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि दरों को स्थिर रखने का फैसला फेड के अधिकतम रोजगार और स्थिर मुद्रास्फीति के दोहरे लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए लिया गया था. पॉवेल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे लक्ष्यों के समर्थन में, आज फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने हमारी नीतिगत ब्याज दर को अपरिवर्तित छोड़ने का निर्णय लिया है. हमारा मानना है कि मौद्रिक नीति का वर्तमान रुख हमें संभावित आर्थिक विकासों पर समय पर प्रतिक्रिया देने के लिए अच्छी स्थिति में रखता है. फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) ने अपने बयान में कहा कि वह ब्याज दरों में कोई और बदलाव करने से पहले आने वाले आंकड़ों, आर्थिक दृष्टिकोण और जोखिम संतुलन का आकलन करना जारी रखेगी.

## ---------------------------- व्यापार ----------------------------

# अब एटीएम से 500 की जगह निकलेंगे 100-200 रुपये के नोट

**0-आरबीआई ने कैश वितरण के लिए निर्धारित किए लक्ष्य**



**नई दिल्ली,19 जून।** आरबीआई के फैसले का असर अब बाजार में दिखने लगा है. देश के 73 फीसदी एटीएम के कैसेट से 100-200 रुपये के नोट निकलने लगे हैं. भारतीय रिजर्व बैंक ने आम लोगों की परेशानी सुनने के बाद एटीएम से 100 और 200 रुपये के नोटों की संख्या बढ़ाने के लिए 30 सितंबर 2025 तक की गाइडलाइन दी थी, जिसमें कहा गया था कि इससे पहले देश के 75 फीसदी एटीएम से 100 और 200 रुपये के नोट निकल जाने चाहिए. आरबीआई के इस फैसले का असर दिखने लगा है.

सीएमएस इंफो सिस्टम्स, भारत की सबसे बड़ी नकदी प्रबंधन कंपनी के अनुसार, जो देश में 215,000 एटीएम में से 73,000 का संचालन करती है. यह दिसंबर 2024 में 65 फीसदी की बढ़ोतरी को दिखाता है. रिपोर्ट के अनुसार, सीएमएस इंफो सिस्टम्स के अध्यक्ष - कैश मैनेजमेंट, अनुश राघवन ने कहा कि 60 फीसदी उपभोक्ता खर्च अभी भी नकदी पर आधारित है. 100 रुपये और 200 रुपये के नोटों की उपलब्धता, विशेष रूप से गांवों और कस्बों में, दिन-प्रतिदिन की लेन-देन की जरूरतों को सीधे पूरा कर रही है. अप्रैल 2025 के अंत में जारी एक परिपत्र में, आरबीआई ने सभी बैंकों को 30 सितंबर, 2025 तक कम से कम 75 फीसदी एटीएम से 100 रुपये या 200 रुपये के नोटों का कम से कम एक कैसेट निकालने का आदेश दिया. इस निर्देश का लक्ष्य छोटे मूल्यवर्ग के नोटों तक जनता की पहुंच बढ़ाना है, जिनका उपयोग दैनिक लेन-देन में किया जाता है. 31 मार्च 2026 तक यह आवश्यकता और अधिक सख्त हो जाएगी, जब 90 फीसदी एटीएम को इस मानक का पालन करना होगा.

आरबीआई ने एटीएम इंटरचेंज फीस बढ़ा दी है, जिससे 1 मई, 2025 से नकद निकासी और महंगी हो जाएगी. यह बदलाव खास तौर पर उन उपयोगकताओं को प्रभावित करेगा जो हर महीने मुफ्त लेनदेन की सीमा पार कर जाते हैं. इंटरचेंज फीस वे शुल्क हैं जो एक बैंक दूसरे बैंक को एटीएम लेनदेन की प्रक्रिया के लिए देता है, और ये शुल्क उपयोगकर्ता पर डाले जाते हैं.

### माइक्रोसॉफ्ट बड़े स्तर पर छंटनी की बना रही योजना, हजारों कर्मचारियों की जाएगी नौकरी

**नईदिल्ली,19 जून।** टेक दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक बार फिर बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, इस बार सबसे ज्यादा असर बिक्री विभाग पर पड़ सकता है। कंपनी अपने वित्तीय वर्ष के अंत, यानी 30 जून से पहले, हजारों पदों को खत्म कर सकती है।


इससे पहले मई में भी कंपनी ने करीब 6,000 कर्मचारियों को बाहर कर दिया था, जिससे कई विभाग प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने इन छंटनियों को सीधे अपने एआई निवेश से नहीं जोड़ा है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी अब एआई-आधारित ऑटोमेशन की ओर बढ़ रही है। इससे कम कर्मचारियों के साथ काम करने वाली टीमें बनाना आसान होगा। माइक्रोसॉफ्ट ने हाल ही में एक रिसर्च पेपर में ऐसे भविष्य की बात की है, जहां एआई की मदद से छोटे स्टाफ मॉडल अपनाए जाएंगे।

यह बदलाव खासकर बिक्री, ग्राहक सेवा और मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।

माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल से अपने लगभग सभी उत्पादों में एआई को जोड़ा है, जिसमें कोपायलट, माइक्रोसॉफ्ट 365 और एज्योर जैसे प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

# शेयर बाजार रेड जोन में खुला, सेंसेक्स 148 अंक टूटा, निफ्टी 24,772 पर



**मुंबई,19 जून।** कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 148 अंकों की गिरावट के साथ 81,296.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.16 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,772.55 पर खुला.

बाजार खुलने के साथ ही टाइटन कंपनी, ट्रेंट, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, हीरो मोटोकॉर्प निफ्टी पर प्रमुख लाभार्थियों में से एख है, जबकि टीसीएस, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, ओएनजीसी, बजाज फिनसर्व हारने वालों में शामिल है.

कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. वहीं, बीएसई पर सेंसेक्स 138 अंकों की गिरावट के साथ 81,444.66 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 24,812.05 पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान निफ्टी पर इंडसइंड बैंक, ट्रेंट, आयशर मोटर्स, मारुति सुजुकी, एमएंडएम के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि चयूएल, अडाणी पोर्ट्स, नेस्ले, टीसीएस, अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे.

सेक्टोरल मोर्चे पर, ऑटो, प्राइवेट बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स को छोड़कर, बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में कारोबार किए. क्षेत्रीय मोर्चे पर, ऑटो, निजी बैंक, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं को छोड़कर, अन्य सभी सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, जिनमें आईटी, मीडिया, धातु, तेल और गैस, रियल्टी 0.5-1 फीसदी नीचे रहे. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.3 फीसदी नीचे रहे.

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला.

■ RNI No.CHHHIN/ 9479/2002 ■ Postal Regn No./RYPDN/11/2014-16 अम्बिकावाणी

रायपुर, शुक्रवार 20 जून, 2025 | 8

## रायपुर स्टेशन के गुढियारी साइड स्थित आरक्षित व अनआरक्षित टिकट काउंटर आज से हुए शिफ्ट



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन के गुढि?ारी साइड स्थित आरक्षित एवं अनआरक्षित टिकट काउंटर 17 जून को 15 बजे शिफ्ट होंगे यह काउंटर प्लेटफार्म नंबर 7 के बाहर पार्किंग के पास शिफ्ट होगा यात्री 18 जून से यथावत आरक्षित एवं अनआरक्षित अस्थाई टिकट काउंटर से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। रायपुर स्टेशन पर चल रहे स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्यों के कारण ऐसा किया जा रहा है। रेल के विकासात्मक कार्यों में यात्रियों से सहयोग अपेक्षित है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री 21 जून को जशपुर में करेंगे योगाभ्यास

00 केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन बिलासपुर व विस अध्यक्ष राजनांदगांव में करेंगे योगाभ्यास

00 सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित योगाभ्यास में शामिल होंगे नामांकित अतिथि



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में सुबह 7 बजे योगाभ्यास करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव मुंगेली तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

बिलासपुर में केन्द्रीय संघ राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री श्री रामविचार नेताम, बेमेतरा में मंत्री श्री दयालदास बघेल, नारायणपुर में मंत्री श्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल, रायगढ़ में मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, महासमुंद में मंत्री श्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार-भाटापारा में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग में सांसद श्री विजय बघेल, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में सांसद श्री संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद श्री चिन्तामणी महाराज, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में सांसद श्री राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा में सांसद श्री कमलेश जांगड़े, सुकमा में सांसद श्री महेश कश्यप, कांकेर में सांसद श्री भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, बीजापुर में विधायक सुश्री लता उसेंडी, धमतरी में विधायक श्री अजय चंद्राकर, बस्तर में विधायक श्री किरण सिंह देव, कोरिया में विधायक श्री भैयालाल राजवाड़े, सूरजपुर में विधायक श्रीमती गोमती साय, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक श्री गुरू खुशवंत साहेब, दंतेवाड़ा में विधायक श्री चैतराम अटामी, बालोद में विधायक श्री ललित चन्द्राकर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक श्री प्रणव कुमार मरपच्ची और कोण्डागांव में विधायक श्री नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज गैलरी

## 22 व 23 जून को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे गृह मंत्री शाह

नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएसएफयू) कैंपस का करेंगे भूमिपूजन



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर 22 जून को छत्तीसगढ़ आ रहे है इस दौरान वे नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएसएफयू) कैंपस का भूमिपूजन करेंगे। श्री शाह नक्सल आपरेशन की स्थिति की समीक्षा के साथ प्रशासनिक बैठक भी लेंगे साथ ही बस्तर में जाकर जवानों से मुलाकात भी करेंगे।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री गृह विजय शर्मा ने कुछ पत्रकारों से संक्षिप्त चर्चा में बताया कि नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के लिए नवा रायपुर में 40 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। लगभग साढ़े 3 सौ करोड़ रुपए की लागत से विश्वविद्यालय बनेगा। भवन बनने के पहले यूनिवर्सिटी में इसी शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई शुरू हो जाएगी, जिसके लिए ट्रांजिट कैंपस का भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान नक्सल आपरेशन की स्थिति की समीक्षा के साथ प्रशासनिक बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। हालांकि, बैठक के लिए स्थान अभी तय नहीं किया गया है. इसके साथ शाह शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों के अलावा बस्तर में जवानों से मुलाकात करेंगे।

## राज्यपाल डेका ने छत्तीसगढ़ को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए सघन प्रयास करने के दिए निर्देश



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025-26 तक टी.बी. से मुक्त राज्य बनाने के लिए सघन प्रयास के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को राजभवन में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की आयुक्त सह-संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला को उक्ताशय के निर्देश देते हुए कहा कि टी बी के गंभीर मरीजों की समुचित चिकित्सा की व्यवस्था करें। जो टी.बी. मरीज बीच में ही दवा का सेवन बंद कर देते है उन मरीजों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें दवा का पूर्ण कोर्स करने हेतु जागरूक किया जाए। टी.बी. मरीजों को योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित करें जिससे रोग के प्रति उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। श्री डेका ने टी.बी. मरीजों को पर्याप्त पोषण आहार मिले इसके लिए अधिक से अधिक निःक्षय मित्र बनाने के निर्देश भी दिए।बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ईरान में फंसा रायपुर के सेन्ट्रल जेलकर्मी की बेटी और दामाद, नहीं हो पा रहा संपर्क



**रायपुर।** ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बीच हजारों भारतीय इन दोनों ही देशों में मौजूद है। इनमें मजदूर से लेकर कारोबारी और छात्र-छात्राएं शामिल है। भारत सरकार ने इनकी वापसी के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन सिंधु लांच किया है और उन्हें वहां से बाहर निकालने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस बीच जानकारी मिली है कि छत्तीसगढ़ का एक परिवार भी युद्धग्रस्त देश ईरान में फंसा हुआ है। जिनमें रायपुर सेन्ट्रल जेल में पदस्थ जेलकर्मी की बेटी और दामाद बच्चों के साथ ईरान के कुम्म शहर में मौजूद है। चिंता की बात यह है कि इस परिवार से सम्पर्क टूट गया है। बताया जा रहा है कि, दामाद एजाज जैदी और बेटी एमन जैदी पढ़ाई के सिलिसले में ईरान गए हुए है। दामाद एजाज जैदी मध्यप्रदेश के दमोह जिले से है। जेल कर्मी ने बताया कि उनकी वे लगातार उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे है लेकिन उनसे अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है, उन्होंने भारत सरकार से गुहार लगाई है कि उनके बेटी, दामाद और नाती को सुरक्षित वहां से निकालकर जल्द से जल्द भारत लेकर आ जाएं।

## मुख्यमंत्री जशपुर में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 21 जून को जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर में नालंदा परिसर का भूमिपूजन करेंगे। दुलदुला विकासखंड में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास, कुनकुरी के गिनाबहार में मातृ एवं शिशु अस्पताल और सलियाटोली (कुनकुरी) में नालंदा परिसर के लिए भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा वे कुनकुरी के सद्भावना भवन में ठाकुर समाज के द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। तपकरा में मुख्यमंत्री श्री साय तहसील भवन का शुभारंभ करेंगे और वन विभाग के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

# कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार




**रायपुर।** झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ सिंघानिया सुमित फैसिलिटीज मैनपावर सप्लाई कंपनी के मालिक हैं। इससे पहले झारखंड एसीबी ने सिंघानिया को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। एसीबी की टीम उसे गुरुवार को रायपुर कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रांची लेकर जाएगी जहां उससे शराब घोटाले के संबध में पूछताछ की जाएगी।

झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की जा रही जांच में अब तक यह सामने आया है कि इस घोटाले से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ के कई कारोबारी इस घोटाले से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं जिनमें रायपुर के रहने वाले सरोज लोहिया, बच्चा लोहिया और अतीमा खन्ना, भोपाल के मनीष जैन और राजीव द्विवेदी, पुणे के अजीत जयसिंह राव, अमित प्रभाकर सोलंकी और सुनील कुंभकर को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है लेकिन अब तक इनमें से कोई भी जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है। जरूरत पडने.पर इन सभी के विरुद्ध भी गिरफ्तारी वारंट जारी की जा सकती है। झारखंड में हुए करोड़ों के शराब घोटाला मामले में आरोपी सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था क्योंकि सिद्धार्थ सिंघानिया छत्तीसगढ़ और झारखंड में मैनपावर कंपनी सप्लाई समेत सिंडिकेट का अहम हिस्सा था। इस मामले में छत्तीसगढ़ में 7 सितंबर 2024 को एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी. इसमें तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ आईएएस अनिल टुटेजा सहित कई अफसरों और कारोबारियों को आरोपी बनाया गया है. वहीं झारखंड में भी कई सप्लायर और कंपनियों पर गाज गिरी है।

## लखमा व भाटिया से मिलने जेल पहुंचे भूपेश बघेल




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में 15 जनवरी से रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मिलने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को जेल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विजय भाटिया से भी मुलाकात कर दोनों के अस्वस्थ होने पर चिंता व्यक्त किया। मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद भी लखमा और भाटिया को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है क्योंकि राज्य सरकार व्यक्तिगत दुश्मनी के तौर पर उनके साथ व्यवहार कर रहा है। जेल में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराना अमानवीय और निंदनीय है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर शारदाधाम पर्यटन स्थलों की सूची में हुआ शामिल

00 पर्यटन बोर्ड प्रचार प्रसार और सुविधा विकसित करने में देगा सहयोग

00 श्रद्वा और ज्ञान का अनोखा संगम है शारदाधाम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और झारखण्ड की अंतर्राज्यी सीमा पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक व प्राकृतिक पर्यटन स्थल शारदाधाम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ टुरीज्म बोर्ड ने राज्य के चिन्हाकित पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल कर लिया है। पर्यटन बोर्ड ने इसके लिए परिपत्र जारी कर दिया है। बोर्ड के इस निर्णय से इस पर्यटन स्थल को एक नई पहचान मिल सकेगी। बोर्ड इसके प्रचार-प्रसार के साथ ही पर्यटको के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए बजट उपलब्ध करा सकेगा।



श्रद्धा और ज्ञान का संगम है शारदाधाम - शारदाधाम में विद्यादायनी माँ सरस्वती की श्रद्वा और ज्ञान अर्जन का अनोखा संगम देखने को मिलता है। यहां छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य के जरूरतमंद बच्चों के रहने और पढ? के लिए कोचिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। शारदाधाम समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि इस विशेष कोचिंग संस्था में बच्चों के रहने, खाने के साथ उनकी कोचिंग की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। बच्चों के रहने और कोचिंग का जो भी खर्चा होता है, उसका व्यय समिति श्रद्वालुओं के सहयोग से पूरा करती है।

प्रकृतिक सौंदर्य से भरपूर है शारदाधाम प्रसिद्व धार्मिक पर्यटन स्थल - शारदाधाम, जिला मुख्यालय जशपुर से तकरीबन 30 किलोमीटर दूर, दुलदुला ब्लाक में स्थित है। माता सरस्वती का यह प्रसिद्व मंदिर चारो ओर घने जंगल से घिरा हुआ है। नजदीक ही गिरमा नदी की कलकल करती मधुर ध्वनि यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्वालुओं का मन मोह लेते हैं। संचालन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विद्यादायनी मां सरस्वती का यह भव्य मंदिर पूरी तरह से श्रमदान से तैयार किया गया है। दोनों राज्यों के श्रद्वालुओं ने पसीना बहा कर मां के इस मंदिर का निर्माण किया है। मंदिर के भवन का डिजाइन झारखंड के प्रसिद्व लचलागढ़ हनुमान मंदिर के तर्ज पर तैयार किया गया है।

पर्यटन हब के रूप में विकसीत हो रहा है जशपुर - उल्लेखनीय है कि वनाँचल क्षेत्र जशपुर में पर्यटन उद्योग विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तेजी से काम कर रहे हैं। कुनकुरी ब्लाक में स्थित मयाली नेचर कैंप के विकास के लिए दस करोड़ रुपए भारत दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। यहीं स्थित मधेश्वर महादेव को हाल ही में गोल्डन बुक ऑ$फ वर्ल्ड रिकार्ड ने विश्व का सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में मान्यता दी है। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय ने जिले को पर्यटन नक्शे से जोड? की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फरसाबहार ब्लाक में स्थित कोतेबीराधाम में लक्ष्मण झूला के तर्ज पर पुल निर्माण की घोषणा की है। इसके साथ ही जिले में देशदेखा, रानीदाह जैसे पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय का लक्ष्य जिले में ग्रीन उद्योग विकसित कर जिलेवासियों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

# सेल ने भारतीय नौसेना के आईएनएस अनार्ला के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की




**नई दिल्ली-भिलाई।** देश की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। सेल ने भारत के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट, 'आईएनएस अनार्ला' के लिए विशेष स्टील की पूरी जरूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आईएनएस अनार्ला को 18 जून, 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा बनाए जा रहे, अन्य सात एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कोरवेट के लिए भी विशेष स्टील की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में, भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के रूप में, सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की पूरी विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता का एक और प्रभावशाली उदाहरण है। इसी दिशा में, सेल ने पहले भी आईएनएस विक्रांत, आईएनएस विंध्यगिरि, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस सूरत जैसी कई उल्लेखनीय परियोजनाओं के लिए विशेष स्टील की आपूर्ति की है।

# 5 फेरों के लिए गोंदिया खुरदा रोड- गोंदिया के बीच 26 से चलेगी रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन



**रायपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ प्रभू के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे ने बड़ी सुविधा देते हुए 5 फेरों के लिए गोंदिया खुरदा रोड-गोंदिया के बीच रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन की सुविधा 26 जून से 07 जुलाई तक दे रहा है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 08893 गोंदिया खुरदा रोड रथ यात्रा स्पेशल 26, 28 30 जून एवं 02 और 5 जुलाई को गोंदिया से 13:30 बजे रवाना होकर 14:30 बजे डोंगरगढ़, 15:00 बजे राजनंदगांव, 15.58 बजे दुर्ग, 17.05 बजे रायपुर, 18:55 बजे मंदिर हसौद होते हुए अगले दिन 08.45 बजे खुरदा रोड पहुंचेगी। 08894 खुरदा रोड गोंदिया रथ यात्रा स्पेशल खुर्दा से 28, 29 जून एवं 1,3,7 जुलाई को खुरदा रोड से 11 बजे रवाना होकर मंदिर हसौद 22:30 बजे, रायपुर अगले दिन 1 बजे, दुर्ग 1.58 बजे, राजनांदगांव 02.23 बजे, डोंगरगढ़ 02.48 बजे, गोंदिया, सुबह 4:15 पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 कोच के साथ चलेगी इस गाड़ी में 02 कोच एसी-।।, 01 कोच एसी-।।।, 07 कोच स्लीपर, 06 कोच सामान्य श्रेणी, 02 कोच एसएलआर रहेंगे।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा निर्माण ऑफसेट, आदर्श नगर डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड (मोवा थाना के सामने ) मोवा रायपुर से मुद्रित कर वेलकम टॉवर, शंकर नगर फ्लैट नम्बर बी-1 से प्रकाशित ■ प्रधान संपादक -महेन्द्र सिंह टुटेजा, प्रबंध संपादक - नरेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ Email- raipurambikavani@gmail.com